CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -140 राजनांदगांव, शनिवार 06 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# 30 लाख नौकरी, आरक्षण में इजाफा और परीक्षा में जीरो आवेदन शुल्क

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम और कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा चुनाव, 2024 के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया गया है। इसमें तमाम वर्गों के लिए न्याय पर जोर दिया गया है जिसमें महिला, युवा, किसान, गरीब आदि शामिल हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी बड़ी समस्या है और यह सरकार अमीरों के लिए है।

### किस वर्ग के लिए क्या

1. राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना।
2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50 प्रतिशत का कैप हटाया जाएगा।
3. शिक्षा एवं नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और समुदाय के लोगों के लिए लागू किया जाएगा।
4. अनुसूचित जाति, अनुसुचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को 1 साल के भीतर भरा जाएगा।
5. सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में संविदा भर्तियों की जगह नियमित भर्तियां और अभी जो संविदा कर्मी हैं उनका नियमतीकरण किया जाएगा।
6. भूमिहीनों को जमीन दी जाएगी।
7. व्यापक परामर्श के बाद पार्टी LGBTQIA+ समुदाय से संबंधित जोड़ों के बीच सिविल यूनियनों को मान्यता देने के लिए एक कानून लाया जाएगा।

### युवाओं के लिए

1. पहली नौकरी पक्की गारंटी देने के लिए शिक्षु (अप्रेंटिस) एक्ट, 1961 को हटाकर प्रशिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) अधिकार अधिनियम लाया जाएगा। यह कानून 25 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक डिप्लोमा धारक या कॉलेज स्नातक के लिए, निजी एवं सरकारी क्षेत्र की कंपनी में एक साल का प्रशिक्षुता कार्यक्रम प्रदान करेगा। इस कानून के तहत, हर प्रशिक्षु को एक लाख रुपए प्रति वर्ष का मानदेय दिया जाएगा।
2. नौकरी परीक्षाओं के लिए पेपर लीक (प्रश्न पत्र लीक) होने के मामलों का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कांग्रेस का घोषणा पत्र 'न्याय का दस्तावेज' : खडगे




### पिछले घोषणा-पत्र की बड़ी बातें

हर साल 20 फीसदी गरीबों को न्याय योजना के तहत 72 हजार रुपये सालाना आर्थिक मदद। मार्च 2020 तक 22 लाख खाली पड़े पदों पर भर्ती। हिंसक भीड़ पर रोक, लोकसभा में नया कानून। युवाओं को पक्का रोजगार। जीएसटी को आसान। मनरेगा में 100 दिन से बढ़ाकर 150 दिन रोजगार गारंटी। ग्राम पंचायत में 10 लाख नौकरियां। जीडीपी का 6 फीसदी हिस्सा शिक्षा के लिए खर्च। किसान कर्ज न चुका पाएं तो आपराधिक मामला नहीं।

### घोषणा-पत्र में 5 न्याय व 25 गारंटियां

48 पन्ने के न्याय पत्र में तमाम वर्गों और क्षेत्रों के लिए न्याय के 10 स्तंभों जोर दिया गया है। यह घोषणा पत्र पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की अध्यक्षता में तैयार किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बताया कि 19 मार्च को कांग्रेस कार्य समिति ने इसे मंजूरी दी थी। न्याय पत्र जारी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान न्याय के पांच स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इनमें युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गईं थीं। इनमें 25 गारंटियां निकलती हैं। इन सभी को भी घोषणा पत्र में शामिल किया गया है।

---

**टुटेजा पिता-पुत्र पर रद्द हो सकती है ईडी की एफआईआर**

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला : सुप्रीम कोर्ट ने कहा- न अपराध, न अवैध आय, फिर कैसे मनी लॉन्ड्रिंग



नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा है कि वह छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत को रद कर देगी।

### नहीं बनता मनी लांड्रिंग का मामला: सुको

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले में ईसीआईआर और एफआईआर को देखने से पता चलता है कि कोई विधेय अपराध नहीं हुए हैं और जब कोई आपराधिक धनराशि ही नहीं है तो मनी लांड्रिंग का मामला ही नहीं बनता। इस पर ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पीठ से नई शिकायत दर्ज करने की मांग की है।

### इस दिन होगी मामले की अगली सुनवाई

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के पास पर्याप्त सामग्री है और अगर पीठ शिकायत को रद करना चाहती है तो ईडी को नई शिकायत दर्ज करने की अनुमति दी जाए। ताकि हम मामले में आगे बढ़ सकें। साथ ही अतिरिक्त सालिसिटर जनरल राजू ने यह भी कहा कि अदालत ने पूर्व में इस मामले में आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने जैसे आदेश दिए थे, उन आदेशों को भी रद किया जाना चाहिए। इस मामले में अगली सुनवाई के लिए अदालत ने आठ अप्रैल की तारीख तय की है।

---

## ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश रची- आप सांसद संजय सिंह का दावा




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर जुबानी हमला किया. संजय सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय पर आरोप लगाया कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को फंसाया है, उनके खिलाफ साजिश रची. उन्होंने कहा, एक व्यक्ति हैं, मगुंटा रेड्डी, जिन्होंने 3 बयान दिए, उनके बेटे राघव मगुंटा ने 7 बयान दिए.

16 सितंबर को, जब उनसे (मगुंटा रेड्डी से) पहली बार ईडी ने पूछा कि क्या वह अरविंद केजरीवाल को जानते हैं, तो उन्होंने सच बताया और कहा कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की लेकिन चैरिटेबल ट्रस्ट की जमीन के मामले में, लेकिन उसके बाद उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया और 5 महीने जेल में रखने के बाद उनके पिता ने अपना बयान बदल दिया। संजय सिंह ने आगे कहा, 10 फरवरी से 16 जुलाई तक राघव के सात बयान सामने आए. सात में से छह बयानों में उन्होंने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कुछ नहीं कहा, लेकिन 16 जुलाई को सातवें बयान में उन्होंने अपना रुख बदल लिया... और साजिश का हिस्सा बनकर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान दिया. महीनों की प्रताड़ना के बाद उन्होंने अपना बयान बदला और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ खड़े हो गए।

### अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जो 9 बयान नहीं थे

आप नेता ने बताया, सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उन छह बयानों (राघव मगुंटा के) और उनके पिता के दो बयानों को हटा दिया गया और ईडी ने कहा कि हमें उस पर भरोसा नहीं है. अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जो 9 बयान नहीं थे, उन्हें ईडी ने हटा दिया. इन 9 बयानों में अरविंद केजरीवाल का नाम नहीं था, लेकिन 5 महीने जेल में रहने के बाद उन्हें मजबूरन अरविंद केजरीवाल का नाम लेना पड़ा. ईडी ने मगुंटा रेड्डी पर भी छापेमारी की. 16 जुलाई को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

---

## लालू यादव को चुनाव से पहले बड़ा झटका, एमपी की अदालत ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट



ग्वालियर/पटना। लालू यादव को लोकसभा चुनाव के बीच बड़ा झटका लगा है। ग्वालियर (मध्यप्रदेश) की एमपी-एमएलए कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ स्थायी अरेस्ट वारंट जारी किया है। बता दें कि लालू यादव के हथियारों की तस्करी के एक मामले में आरोपित हैं। इस मामले में कुल 23 लोगों के खिलाफ आरोप लगे हैं।

लालू यादव के खिलाफ पहले भी स्थायी वारंट जारी हो चुका है, जिसके बाद उन्हें फरार घोषित कर दिया गया था। हालांकि, उस दौरान इस बात की पुष्टि नहीं सकी थी कि आरोपित लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री हैं या कोई अन्य व्यक्ति। बाद में मामला एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचा और प्रक्रिया के दौरान स्पष्ट हो गया कि आरोपित लालू प्रसाद यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ही हैं। वहीं, अब उनके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किए जाने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस वारंट में नामित व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे तक थाने में अपनी अभिरक्षा में भी रख सकती है।

### क्या है 1995 का ये मामला?

बता दें कि उत्तर प्रदेश के महोबा स्थित आर्म्स स्टोर के संचालक राजकुमार शर्मा ने हथियार बिक्री का फर्जीवाड़ा किया था, जिसमें ग्वालियर निवासी व प्रकाश आर्म्स स्टोर के संचालक प्रवेश कुमार चतुर्वेदी ने वर्ष 1997 में इंदरगंज थाने में इस बारे में शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

---

## चरणदास महंत पर हेट स्पीच का मामला दर्ज, आयोग का निर्देश



रायपुर। चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के डॉ. चरणदास महंत के खिलाफ हेट स्पीच मामले पर रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश पत्र सीईओ के जरिए कलेक्टर नांदगांव को भेज दिया गया है। संकेत हैं कि देर रात या कल मामले में रिपोर्ट दर्ज कर लिया जाएगा। इलेक्शन कमीशन का आदेश देर रात राजनांदगांव के थाने में पहुंच गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवाबी हमला करते हुए कहा कि हिम्मत है तो पहले लाठी उन्हें मारे। ऐसे ही वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ बयान जारी किए। उधर, दिल्ली में बीजेपी के नियमित प्रेस कांफ्रेंस में भी यह मामला उठा और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी को इस हेट स्पीच के लिए आड़े हाथ लिया। तो आज भारत निर्वाचन आयोग ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दे दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

---

## पटाखे की तरह फूटे 1500 ट्रांसफार्मर, दमकल की 40 गाड़ियां बहा चुकीं 20 हजार लीटर पानी



रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारत माता चौक के पास बिजली विभाग के सब डिवीजन परिसर में अचानक आग लग गई। वहां रखे 1500 ट्रांसफार्मर जलकर राख हो गये। दरअसल एक जोरदार धमाका हुआ धमाके के साथ भीषण आग लग गई।

सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची जहां दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हैं। मामला गुड़ियारी थाना क्षेत्र का है, जहां दफ्तर में रखें ट्रांसफार्मर में शॉर्ट-सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया इससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गुढियारी इलाके में धुंए के कारण आसमान पर काफी दूर तक बादल छाए हुए हैं। यहां पर करीब 6 हजार से अधिक ट्रांसफार्मर रखे थे। मुख्यमंत्री साय के सचिव पी दयानंद, कलेक्टर और पुलिस के बड़े अधिकारी घटना स्थल पर मौजूद हैं। राजधानी रायपुर सीएसपीडीसीएल ट्रांसफॉर्मर गोदाम में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए मौके पर दमकल की 40 गाड़ियां मौजूद हैं। जहां तीन लाख 20 हजार लीटर पानी अब तक फेंक दिया गया है। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है। चारों तरफ से पानी फेंका जा रहा है, 5 घंटे के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया गया है।

### लोगों को किया अलर्ट

घटना के बाद आस-पास रहने वाले सभी लोगों को अलर्ट कर दिया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

---

## मालदीव को भूखा नहीं रहने देगा भारत! मदद के लिए आया आगे; आलू सहित कई वस्तुओं का करेगा निर्यात



नयी दिल्ली। भारत ने मालदीव के लिए अंडे, आलू, प्याज, चावल, गेहूं आटा, चीनी और दाल जैसी कुछ वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध शुक्रवार को हटा लिया। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत मालदीव के लिए इन वस्तुओं के निर्यात की मंजूरी दी गई है।

डीजीएफटी ने कहा कि मालदीव को अंडे, आलू, प्याज, चावल, गेहूं का आटा, चीनी, दाल, बजरी और नदी की रेत के निर्यात की अनुमति दी गई है। मालदीव को इन वस्तुओं के निर्यात को किसी भी मौजूदा या भावी प्रतिबंधों से छूट दी जाएगी। अंडे, आलू, प्याज, चीनी, चावल, गेहूं का आटा और दाल के कोटे में भी पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। नदी के रेत और बजरी कोटा 25 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है।

---

## महागठबंधन में शामिल हुए मुकेश सहनी, आजेडी के साथ इन 3 सीटों पर फाइनल की डील



पटना। बीते कुछ महीनों से चल रही अनिश्चितता के बीच अंततः राष्ट्रीय जनता दल ने निषाद आरक्षण का मुद्दा उठाने वाली विकासशील इंसान पार्टी को तीन सीटें देने का फैसला कर लिया। वीआईपी को गोपालगंज, मोतिहारी और झंझारपुर सीटें दी गई हैं। शुक्रवार को राजद कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सहनी को दी जाने वाली सीटों का एलान किया।

### विस चुनावों में भी जारी रहेगा गठबंधन

शुक्रवार को राजद कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी की मौजूदगी में वीआईपी को दी जाने वाली सीटों की घोषणा की।

तेजस्वी ने कहा लोकसभा चुनाव के लिए हुआ हमारा यह गठबंधन विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा यह सरकार देश मे संविधान खत्म कर तानाशाही लाना चाहती है।

### एनडीए के साथ नहीं बन पाई थी बात

बता दें कि मुकेश सहनी लोकसभा चुनाव की गतिविधियां शुरू होने के पूर्व से लगातार राजनीतिक दलों के साथ संपर्क बना कर चल रहे थे। एनडीए गठबंधन में बात नहीं बनी तो महागठबंधन के साथ उन्होंने बात शुरू की। लेकिन सीटों को लेकर बात नहीं बन रही थी। लेकिन अंततः आज सहनी की मांग पूरी हुई और उनकी पार्टी तीन सीट पर बिहार में लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

---

## सबसे ज्यादा खतरे की जद में राज्य की पांच हिमनद झीलें, लगाए जाएंगे अर्ली वार्निंग सिस्टम



चमोली। उत्तराखंड की पांच हिमनद झीलें सबसे ज्यादा खतरे की जद में हैं। खतरे को देखते हुए गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन विभाग ने इनका ट्रीटमेंट करने के निर्देश देते हुए वैज्ञानिकों की टीमों का गठन कर दिया है। हिमालयी राज्यों की 188 में से 13 झीलें खतरे की जद में बताई गई हैं। आपदा प्रबंधन डिवीजन ने हिमालयी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ हिमनद झीलों के विस्फोट से आने वाली बाढ़ नियंत्रण पर वर्चुअल बैठक ली। बैठक में राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा शामिल हुए।

कई तकनीकी संस्थानों के आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए बताया गया कि हिमालयी राज्यों में 188 हिमनद झीलें खतरे में हैं, जिनमें से 13 उत्तराखंड की हैं। रिस्क फैक्टर पर इन 13 झीलों को ए, बी व सी श्रेणी में बांटा गया है। अति संवेदनशील ए श्रेणी में चमोली की एक और पिथौरागढ़ की चार झीलें शामिल हैं। संवेदनशील बी श्रेणी में चार झीलें हैं, जिनमें चमोली की एक, टिहरी की एक और पिथौरागढ़ की दो झीलें शामिल हैं।

बाकी चार कम संवेदनशील झीलें हैं। ए श्रेणी की पांच अतिसंवेदनशील झीलों के जोखिम आकलन और सर्वे का काम मई-जून में किया जाएगा। पहले फेज में सेटेलाइट डाटा एकत्रित होगा। बैथेमेट्री सर्वे किया जाएगा। इसके बाद जुलाई-अगस्त में यहां अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाए जाएंगे और आपदा न्यूनीकरण के काम होंगे। इसके लिए दो टीमें बनाई गई हैं। पहली टीम में एनआईएच रुड़की, जीएसआई लखनऊ, आई आई आरएस देहरादून, यूएसडीएमए और यूएलएमएमसी के विशेषज्ञ शामिल हैं।

यह टीम दो हिमनद झीलों पर काम करेंगी। तीन अन्य ए श्रेणी की झीलों के लिए सीडैक पुणे, वाडिया इंस्टीट्यूट देहरादून, आई आई आरएस देहरादून, यू एस डी एम ए, यूएलएमएमसी के विशेषज्ञ शामिल हैं। पूरे अध्ययन के लिए सीडेक पुणे को लीड टेक्निकल एजेंसी बनाया गया है।

---

## 'अगर वो पड़ोसी देश भागेंगे तो वहीं घुसकर मारेंगे...', सीमा पार आतंकवाद पर बोले रक्षा मंत्री



नई दिल्ली। राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद पर निपटने के लिए दो टूक शब्दों में कहा कि अगर आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या आतंकी गतिविधियों को अंजाम देंगे तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। साथ ही सख्त लहजें में उन्होंने कहा कि अगर वे पड़ोसी देश भाग गए तो भारत उन्हें वहीं घुसकर मार गिराएगा। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' की एक रिपोर्ट पर पूछे गए सवाल पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पाकिस्तान में आतंकवादियों की मौत के घाट उतार दिया था।

### वे पाकिस्तान भागेंगे तो वहां घुसकर मारेंगे- राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर वे पाकिस्तान भाग जाते हैं, तो हम उन्हें मारने के लिए वहीं घुसेंगे और उन्हें मार गिराएंगे। भारत के पास सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की ताकत है और पाकिस्तान को इसका एहसास होने लगा है। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया टिप्पणियों का सहमति जताते हुए कहा कि आज का भारत अब देखने वाला नहीं बल्कि जवाब देने वाला है।

राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी ने जो भी कहा है वह बिल्कुल सच है। वर्तमान भारत मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत रखता है। भारत के पास ताकत है, जिसका पाकिस्तान को भी एहसास होने लगा है। हालांकि अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि जो भी हो, वे हमारे पड़ोसी देश है। इतिहास के पन्नों को पलट कर देख लीजिए, भारत ने किसी भी देश पर हमला नहीं किया, न ही किसी देश की एक इंच जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की।

### हम आतंकियों को छोड़ने वाले नहीं- राजनाथ सिंह

तीखे लहजे में राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर कोई भारत को आंखे दिखाएगा या आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश करेगा, तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। पिछले दिनों पाकिस्तान ने भारत पर देश की धरती पर हत्याएं करने का आरोप लगाया था लेकिन भारत ने सभी आरोपों से इनकार किया था।

CMYK

# वैवाहिक सीजन में बाजार में उमड़ी भीड़, चरमराई यातायात व्यवस्था

### बाजार में हर पल लग रहा जाम... यातायात जाम में फंस रहे लोग, दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे यातायात सिपाही

राजनांदगांव (दावा)। हिन्दूओं का नव वर्षारंभ चैत्र माह की प्रतिपदा से होने जा रहा है। इसी दिन से नवरात्रि पर्व की भी धूम रहने वाली है। नवरात्रि पर्व में शादी-विवाह का देव मुहूर्त निकला हुआ है। इससे इसमें जमकर शादियां होगी। इसे लेकर बाजार गुलजार बना हुआ है।

चाहे वह नवरात्रि पर्व हो या फिर वैवाहिक आयोजनों की खरीदी हो शहर व आसपास के लोगों सहित दूर-दराज के गांव-कस्बों के लोग बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए शहर आ रहे है। इससे शहर के मुख्य मार्केट गोलबाजार, शनि मंदिर रोड, गुड़ाखू लाईन, कामठी लाईन, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक रोड, गंज लाइन, भारत माता चौक, हलवाई लाईन, सिनेमा लाईन आदि जगहों में भीड़ का रेला बना हुआ है, आलम यह है कि इस भीड़ में चार पहिया वाहन घुस जाने से हर पल यातायात जाम की स्थिति बन रही है।



दिक्कत की बात यह कि व्यस्त यातायात वाले इन जगहों में दूर-दूर तक यातायात सिपाही नजर नहीं आ रहे। इसमें लोगों को घंटों यातायात जाम में फंस कर छटपटाते रह जाना पड़ रहा है।

#### त्यौहारी खरीदी प्रारंभ

बता दे कि नवरात्रि पर्व से ही शादी ब्याह का सीजन प्रारंभ हो रहा है वही नवरात्रि पर्व पर मातारानी की नौ-दिनों तक जप-तप पूजा, उपासना के साथ ज्योति-जंवारा प्रज्जवलन का कार्य भी होना है। इसके लिए बाजार में पूजन-सामग्री के साथ-साथ मिट्टी के बने कलश खप्पर नांदी सहित वस्त्रादि की खरीदी के लिए लोग बाजार में आ रहे है।

इसी तरह वैवाहिक खरीदी में कपड़े, बर्तन, सोने चांदी के जेवरात, इलेक्ट्रानिक आइटम, गद्दा-रजाई, फर्नीचर, सोफा सेट, आलमारी, टी.वी. कुलर, वासिंग मशीन सहित अन्य प्रदेश वस्तु खरीदी के लिए ग्राहकों की भरमार है। इससे शहर के बाजार में भारी भीड़ का माहौल बना हुआ है। ऐसे में लोगों का दुपहिया, चार पहिया वाहनों के साथ बाजार में प्रवेश यातायात का कारण बन रहा है और बाजर में हर पल जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। लेकिन परेशानी यह है कि यातायात जाम से लोगों को छुटकारा दिलाने के लिए पुलिस व यातायात विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा। विभाग को परेशानी बताए जाने के बाद भी अधिकारी व्यवस्था सुधारने रूचि नहीं दिखा रहे।

#### वन-वे बने व्यस्ततम मार्ग

बता दे कि शहर में सबसे ज्यादा कपड़े-लत्ते, सोने-चांदी, बर्तन की दुकाने भारत माता चौक, हलवाई लाईन, आजाद चौक, गुड़ाखू लाईन व सिनेमा लाईन में है। शादी-ब्याह का सीजन व नवरात्रि पर्व की खरीदी के लिए इस रोड में ग्राहकों का रेला व यातायात का दबाव बना हुआ है। इस क्षेत्र के दुकानदारों की माने तो पहले इस रोड को यातायात विभाग द्वारा वन-वे-बनाया गया था। जिसे बाद के एसपी आने के बाद यातायात खोला दिया गया। इसी तरह शाम के समय सिनेमा लाइन में भी यही स्थिति निर्मित की गई थी लेकिन वन वे उठा लिए जाने के बाद सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे से दो-ढाई तक व शाम 4-5 से 6-7 बजे तक इस मार्ग में भीड़ का रेला बना रहा है। दुकानदारों का कहना है कि यातायात जाम बनी होने से उनकी ग्राहकी प्रभावित हो रही है। जिला प्रशासन व पुलिस विभाग को चाहिए कि इस मार्ग को उपर्युक्त समय पर वन वे घोषित करें जिससे लोगों का यातायात जाम से छुटकारा मिल सकें।

# अपराध रोकने एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने दिए सख्त निर्देश



- एसपी मोहित गर्ग ने क्राईम बैठक में लंबित मामलों की समीक्षा की
- नशीले पदार्थ, गांजा, ड्रग्स, अवैध शराब तस्करों तथा अवैध कैश पर सख्त कार्यवाही करें
- गुण्डा बदमाशों का निगरानी फाईल खोलने और जिला बदर की कार्यवाही करने हेतु दिया गया निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 05 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा क्राईम मीटिंग ली गई जिसमें जिले के राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) एवं थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहें। बैठक में कानून व्यवस्था अगामी लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई।

स्थाई वारंटियों की तामिली एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने हेतु हिदायत दी गई, अपराधों पर नियंत्रण एवं आसामाजिक तत्वों, अवैध शराब व नशीले पदार्थ व गांजा/ड्रग्स की तस्करी पर रोक लगाने हेतु बार्डर सिलिंग कार्यवाही करने व आरोपियों की धरपकड़ तेज करने, गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश हिस्ट्रीशीटर पर अंकुश लगाने तथा बदमाशों का गुण्डा/निगरानी फाईल खोलने और जिला बदर की कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया। संदिग्ध लोगों की पहचान कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के लिये कहा गया। सांप्रदायिक मामलों पर सभी सामाजिक संगठनों पर नजर बनाए रखें सोशल मीडिया मॉनिटरिंग करने व संवेदनशील मामलों की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, डीएसपी आजाक श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर व जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारीगण उपस्थित।

## पहला कॉलम...

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने अख्तर अली



राजनांदगांव (दावा)। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार (आर.एस.एस. राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य) की अनुमति से युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक जनाब खुर्शीद राजा एवं प्रांत संयोजक मो.अफजल खान के सहमति से दुर्ग संभाग संयोजक जनाब एहतेशाम के अनुशंसा से अख्तर अली को राजनांदगांव के जिला संयोजक नियुक्ति की गई।

इस नियुक्ति पर अख्तर अली ने कहा कि समाज के प्रति जनसेवा की भावना व देशभक्ति राष्ट्र के प्रति निष्ठा व ईमानदारी से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ को सशक्त बनाने व समाज को मजबूत बनाने का कार्य करने की पूरी ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे और अख्तर अली वर्तमान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजनांदगांव के जिला उपाध्यक्ष का दायित्व निभा रहे है।

### समदा अस्पताल में नि:शुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर 10 को

राजनांदगाव(दावा)। बसंतपुर स्टेडियम रोड राजनांदगाव स्थित, समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल मे दिनांक 10 अप्रैल दिन बुधवार को नि:शुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.जिनेश जैन द्वारा दिल कि बीमारियों एवं लक्षण जैसे सीने मे दर्द, बेचैनी, उच्च रक्तचाप, चक्कर आना, सांस लेने मे कठिनाई, थकान होना पैरों या भुजाओं मे शून्यपन जैसे सम्बन्धित समस्याओं हेतु नि:शुल्क परामर्श दिया जायेगा, शिविर मे आनेवाले लोगो को नि:शुल्क इसीजी के साथ इको मे 20 प्रतिशत की आर्थिक छुट कि सुविधा भी प्रदाय कि जाएगी. सभी सम्बंधित मरीज एवं हृदय रोग कि समस्या का सामना कर रहे लोगो से आग्रह है कि इस नि:शुल्क परामर्श शिविर का लाभ उठायें।

### सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने एमसीएमसी के मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने कलेक्टोरेट के प्रथम तल में स्थित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) के मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थित थे।

सामान्य प्रेक्षक ने मीडिया सेंटर में इलेक्ट्रानिक मीडिया इकाई, प्रिंट मीडिया इकाई, सोशल मीडिया इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के केस पर ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने पेड न्यूज तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया मॉनिटरिंग एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने मीडिया सेंटर में संधारित पंजी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, उप संचालक जनसंपर्क एवं सचिव एमसीएमसी डॉ. उषा किरण बड़ाईक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# हिंसावादी भाजपा ने महंत जी के बयान का गलत मतलब निकाला - कुलबीर छाबड़ा



राजनांदगांव(दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के बयान को भाजपा द्वारा गलत तरीके से प्रचारित करने को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज की है।

कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मंच से जो बयान चरण दास महंत ने दिया है, उसे गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने कहा कि चरणदास महंत ने कहा वह छत्तीसगढ़ी भाषा के मुहावरे में कही गई बात है। लोकोक्तियों से समृद्ध छत्तीसगढ़ी भाषा को जानने समझने वाला और छत्तीसगढ़ी लोक जीवन से जुड़ा हर व्यक्ति इसे जानता है, उनका आशय घमंड तोड़ने से था। इस मुहावरे को भाजपा के नेता नहीं समझ सकते। वे छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति को नहीं समझते। हिंसावादी भाजपा ने इस बयान को विवादित बना दिया और आचार संहिता की मर्यादा भांग करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जबरदस्ती दरवाजा तोड़कर श्री महंत के बंगले में बलात प्रवेश करने का प्रयास किया, जो कि निंदनीय है। कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि इस तथ्य के बावजूद श्री महंत ने विनम्रता से कहा है कि अगर इसका ग़लत अर्थ निकाला गया है, तो वे खेद व्यक्त करते हैं। हम महात्मा गांधी की पार्टी के लोग हैं। हम हिंसा पर न भरोसा करते हैं न हिंसा हमारी सोच का हिस्सा है। हम अहिंसक विचारधारा के लोग हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति करने के चक्कर में ना सिर्फ एक भले बयान को गलत दर्शाया बल्कि जबरदस्ती इस मामले में प्रदर्शन भी करवाया जो कि गलत है ।

कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि हम गांधीजी के मार्ग पर चलने वाले अहिंसावादी लोग हैं, जो कभी किसी का बुरा सोच भी नहीं सकते, लेकिन भाजपा ने हमेशा से अराजकता को बढ़ावा दिया है और इस मामले को लेकर भी वो प्रदेश का माहौल खराब करना चाहती है, लेकिन ऐसा होने नहीं दिया जाएगा।

### स्वच्छता दीदियां घर-घर पहुंचकर मतदान के लिए कर रही जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में ग्रामों से लेकर शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण के साथ जनसमान्य को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वच्छता दीदियां घर-घर संपर्क कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने पाम्पलेट का भी वितरण कर रहीं है।

### मोहनराम महोबिया का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। महोबिया खुला पान भंडार के संचालक मोहन राम महोबिया (उम्र 70 वर्ष) का आकस्मिक निधन शुक्रवार की सुबह हो गया है, वे शैलेष महोबिया के पिता एवं राजेंद्र महोबिया के बड़े पिता जी थे। इनकी अंतिम यात्रा शाम 4 बजे निवास पटेल वार्ड नंबर 17 से छीरपानी मुक्तिधाम के लिए निकली गई।

# नितिन साहू नजर आएंगे छत्तीसगढ़ी फिल्म 'बीए फाइनल ईयर' में



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सुप्रसिद्ध मूवी बीए फाइनल ईयर 19 अप्रैल को रिलीज होने वाले हैं जिस पर राजनांदगांव जिले के कुतुलबोड़ भाटागांव के युवा नितिन साहू भी एक शानदार किरदार के साथ नजर आएंगे। प्रदेश तकनीकी व संचार प्रमुख प्रवीण मारकंडे ने बताया कि नितिन साहू बचपन से ही मेहनती और चंचल भाव रखने वाले हैं, पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी रुचि लेते थे।

प्रणव झा अपने हर मूवी में छत्तीसगढ़ी संस्कृति पारिवारिक मनोरंजन की सभी बातों को ध्यान में रखकर मूवी बनाते हैं वह नए कलाकारों को अवसर देते हैं छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री में आगे बढ़ाने के लिए। 19 अप्रैल को जो बीए फाइनल मूवी रिलीज होगी उसमें भी एक नया किरदार आपको देखने को मिलेंगे जिसमें मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल और नितिन साहू (नारद साहू) विलेन के रोल में नजर आएंगे। नितिन साहू की प्रथम मूवी है, जिसमें वह एक्टर के रूप में कार्य किया जिसमें उन्हें एक महत्वपूर्ण रोल निभाने का अवसर मिला। मूवी हिट होती है हीरो और दूसरा विलेन महत्वपूर्ण भूमिकाएं होती है। मूवी को सक्सेसफुल बनाने में हीरो के रूप में नजर आएंगे मन कुरैशी और शानदार विलेन के रूप में नजर आने वाले हैं आएंगे नितिन साहू, एक छोटे से गांव के निवासी जो कि अपने कड़ी मेहनत और लगन से आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। नितिन साहू बताया कि वह बचपन से ही सभी चीजों में रुचि लेते आए हैं और पढ़ाई के साथ-साथ कला संस्कृति के क्षेत्र में भी उनका काफी रुचि थी, नितिन साहू एक सफल बिजनेसमैन भी है।

छत्तीसगढ़ी सुप्रसिद्ध फिल्म बीए फाइनल ईयर में विलन का किरदार निभाने वाले नितिन साहू को हार्दिक बधाई एवं ढेर शुभकामनाएं प्रथम मूवी की। यह मूवी 19 अप्रैल को रिलीज होगी।

# आज भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

**राजनांदगांव (दावा)। भाजपा का स्थापना दिवस आज 06 अप्रैल को है, स्थापना दिवस मनाने हेतु पार्टी द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। पार्टी का स्थापना दिवस जोश व उत्साह से भरा रहे तथा कार्यकर्ताओं को पार्टी के विरासत की व्यापक जानकारी प्राप्त हो, इसके लिए पार्टी ने जोरशोर से तैयारियां की हैं।**

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पार्टी के लोकसभा चुनाव संयोजक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, उपाध्यक्ष आभा तिवारी व सावन वर्मा ने बताया की पार्टी का स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं के लिए ऐतिहासिक होता है। पार्टी तमाम विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए आज देश की सर्वोच्च सत्ता में काबिज होकर जनता की सेवा कर रही हैं। देश के 65 प्रतिशत भू-भाग में भाजपा व उसके सहयोगियों की सरकारे चल रही हैं। यह सब पार्टी ने कोई जादुई चिराग से हासिल नहीं किया हैं, इसके लिए हमारी पुरानी पीढ़ी ने तिल-तिल अपनी आहुति देकर वर्तमान को गढ़ा हैं। अनेक ऐसे दौर आये जब निराशा के बादल घनघोर हुआ करते थे किन्तु पार्टी ने जिन सिद्धांतों व विचारों को अंगीकार करके जनसेवा का लक्ष्य रखा वह कालजयी सिद्ध हुआ और अंततः हम धीरे-धीरे अपने मुकाम की ओर बढ़ रहे हैं। पार्टी को अभी देश व दुनिया के लिए बहुत कुछ करना बाकी हैं, अतएव स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता के मन में उत्साह जगाए यह आवश्यक हैं।

विज्ञप्ति में आगे बताया गया कि स्थापना दिवस समारोह का मुख्य आयोजन आज 06 अप्रैल को जिला भाजपा कार्यालय जी ई रोड में सुबह 09 बजे प्रारंभ होगा जिसमें पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा तथा अग्रज कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन होगा। पार्टी की ओर से पूरे संसदीय क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों तक स्थापना दिवस मनाए जाने का आव्हान किया गया है।

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मां कर्मा जयंती के शुभअवसर पर
पापकार्न फिल्मस् की प्रस्तुति
मेरी मां कर्मा
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - ओंकारदास मानिकपुरी, कुकी स्वाएन, अल्का अमीन, सानंद वर्मा, इश्तियाक खान, सुनिता राजवर, भगवान तिवारी आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




# भाजपा लीगल सेल ने भी गतिविधियां प्रारंभ की

राजनांदगाव (दावा)। भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे के नामांकन दाखिले के साथ ही पार्टी के लीगल सेल ने भी मोर्चा संभाल लिया हैं, विधि प्रकोष्ठ के प्रभारी विकास तिवारी, राजेश खांडेकर, व संतोष रजक ने आज पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय मे पहुंचकर विधिवत कार्य प्रारंभ कर दिया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लीगल सेल के प्रभारी विकास तिवारी ने बताया की आगामी 07 अप्रैल को सुबह 11 बजे से भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर

#### विधि प्रकोष्ठ प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 07 अप्रैल को



मे विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया हैं, इस सम्मेलन में प्रदेश भर के 1000 से भी अधिक अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं कार्यकारिणी तथा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। श्री तिवारी ने जिले के नये व पुराने अधिवक्ताओं से आग्रह किया हैं कि राष्ट्र निर्माण में अधिवक्ताओं की महती भूमिका हुआ करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के चौमुखी विकास के लिए प्रयत्नशील हैं, अतः अधिवक्ताओं का युगधर्म है की अधिक से अधिक संख्या में भाजपा से जुड़ कर अबकी बार-400 पार के लक्ष्य को सफल करें।

विज्ञप्ति में आगे बताया गया है की विधि प्रकोष्ठ के उक्त सम्मेलन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव तथा पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, अतः अपेक्षित अधिवक्तागण रायपुर के सम्मेलन मे समय पूर्व पहुंचे।

#### शुभांक

| अनुमानित | |
|---|---|
| बी. के | |
| 2-4-7 | |
| 680-4 | 289-9 |
| राजधानी | |
| 3-5-8 | |
| 460-0 | 667-9 |

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### ग्राम मोहभट्ठा में कलश यात्रा की रही धूम



**आज संपन्न होगा पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ**

राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम मोहभट्ठा में शुक्रवार को गायत्री महायज्ञ यज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वहीं शाम को कलश यात्रा पश्चात सैकड़ों दीपों से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीपयज्ञ किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि आज शनिवार दिनांक 06 अप्रैल को सुबह 9.00 बजे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ होगा। उक्त पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आहूति प्रदान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि ग्राम रामपुर में दिनांक 07 अप्रैल रविवार को शाम 3.00 बजे कलश यात्रा एवं दीपयज्ञ तथा दिनांक 08 अप्रैल को पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ होगा। उक्त यज्ञ में शामिल होने के लिए सभी परिजनों को सादर निर्मित्रित किया गया है।

# साईं दर्शन नगर में रहेगी साईं महोत्सव की धूम

**राजनांदगांव (दावा)। आगामी 14 अप्रैल को साईं दर्शन नगर स्थित साईं बाबा मंदिर का दसवाँ स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने की तैयारी चल रही।**



साईं बाबा मंदिर के ट्रस्टियों ने बताया कि स्थापना दिवस को साईं महोत्सव के रूप में बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसमें प्रातः 5:30 बजे साईं बाबा की काकड़ आरती के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा ततपश्चात प्रातः 7 बजे साईं बाबा की अभिषेक पूजा होगी, दोपहर 12:30 बजे साईं बाबा की मध्यान्ह आरती होगी आरती पश्चात दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक साईं प्रसाद (भंडारा) होगा । संध्या 5 बजे साईं बाबा की पालकी, साईं मंदिर स्थित द्वारिकमाई से बड़े ही धूमधाम से निकाली जायगी जो साईं दर्शन नगर, लक्ष्मी नगर, जीवन कालोनी होते हुये वापस साईं मंदिर आएगी, संध्या 7:30 बजे साईं बाबा की धूप आरती होगी और संध्या 7:30 से साईं बाबा का विशाल भंडारा होगा जिसमें हजारों सांई भक्त सांई प्रसाद ग्रहण करेंगे।

रात्रि 8 बजे से श्री हरि सत्संग भजन मंडली द्वारा सांई भजन संध्या होगी। श्री सांई बाबा मंदिर समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक लोगों से आने की अपील की है।

# श्री झूलेलाल भगवान का 1074 वां जन्मोत्सव 10 को, शहर में रहेगी धूम



राजनांदगांव (दावा)। आगामी 10 अप्रैल को नगर के सिंधी समाज द्वारा झूलेलाल जयंती महोत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक सिंधी समाज मे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा नगर मे स्कूटर रैली शोभायात्रा एवं भजन कीर्तन के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। पूज्य सिंधी पंचायत झूलेलाल नगर के मीडिया प्रभारी एवं समाज के प्रवक्ता अशोक पंजवानी ने बताए की 08 अप्रैल को सुबह 10 बजे झूलेलाल मंदिर झूलेलाल नगर में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष ब्रह्मानंद बजाज, लोकचंद लहरवानी, की उपस्थिति में बहराणा साहेब की पूजा की जायेगी एवं झूलेलाल मंदिर हेमू कलाणी नगर सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी की उपस्थिति में बहराणा साहेब की पूजा की जाएगी। पाठ साहब का आयोजन किया जाएगा

दिनांक 09 अप्रैल शाम 5 बजे महिला द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी बाईक रैली झूलेलाल मंदिर लालबाग से निकलकर अनुपम नगर, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, इमाम चौक, जी.ई. रोड, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, भारत माता चौक, सदर बाजार, बासपाई पारा, इन्दिरा नगर चौक होते हुए झूलेलाल नगर झूलेलाल मंदिर में पहुंचेगी।

दिनांक 09 अप्रैल शाम 7 बजे झूलेलाल नगर में एक शाम झूलेलाल के नाम भजन किर्तन का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे लालबाग झूलेलाल मंदिर से युवा के द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी जो गुरुद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, इमाम चौक, जी.ई. रोड, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, भारत माता चौक, सदर बाजार, हीरामोती लाइन, बसपाई पारा, इंदिरा नगर चौक से होते हुए झूलेलाल मंदिर पहुंचेगी ।

उसके बाद 11 बजे झूलेलाल मंदिर झूलेलाल नगर में झूलेलाल भगवान की महाआरती की जाएगी उसके बाद 1 बजे सिंधु भवन झूलेलाल नगर में महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा शाम 4:00 बजे झूलेलाल नगर से झूलेलाल भगवान की गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, शोभा यात्रा झूलेलाल नगर से होते हुए इन्दिरा नगर चौक, हीरा मोती लाइन, सदर लाइन, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक, गुरु द्वारा चौक होते हुए झूलेलाल घाट पहुंचेगी। रात्रि 7 बजे से झूलेलाल घाट पर मनमोहक स्थल सजावट भव्य लाइटिंग, आकर्षक आतिशबाजी तथा इन्दौर की मशहूर सिंगर पूजा पारीवाल राजानी एवं टीम द्वारा संगीतमय प्रस्तुति ततपश्चात भगवान श्री झूलेलाल जी की महाआरती एवं बहराणा साहेब (ज्योत) विसर्जन एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सकल सिंधी समाज द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद कर अधिकाधिक संख्या मे उपस्थिति की अपील समाज द्वारा की गयी है।

# समाज का विकास करना है तो शिक्षा को बढ़ावा दें- मधुसूदन



**मोतीपुर इकाई द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई**

राजनांदगांव (दावा)। मोतीपुर इकाई साहू समाज द्वारा 05 अप्रैल शुक्रवार को साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी भक्त शिरोमणी माता कर्मा की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जानकारी देते हुए समाज के वरिष्ठ सलाहकार महेश साहू ने बताया कि समाज प्रमुखों व माताएं-बहनों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सामूहिक रूप से भक्त माता कर्मा जी की आरती उतारी। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि ईश्वर से यही प्रार्थना है कि भक्त माता कर्मा का आशीर्वाद बना रहे हम सब विकास की ओर अग्रसर रहे, सब में भाईचारा कायम रहे ऐसी मैं कामना करता हूं। भक्त माता कर्मा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज से 1008 वर्ष पूर्व भक्त माता कर्मा द्वारा समाज के लिए किए अनुकरणीय कार्य के कारण आज समाज में पूजनी मां कर्मा कहलाती है इसी प्रकार हम सभी को समाजहित के लिए कार्य करना चाहिए क्योंकि आज जो किए पुण्य कार्य आने वाले समय में हमें वापस जरूर मिलता है। मनुष्य को जीवन में ऐसे अनुकरणीय काम करना चाहिए जिसे समाज हमेशा याद रख सके। समाज का विकास करना है तो शिक्षा को बढावा दो क्योंकि शिक्षित परिवार से ही समाज का विकास होता है। इस दौरान छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे बजे मां कर्मा जी की आरती के साथ खिचड़ी प्रसादी का भोग लगाकर वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख मोतीपुर साहू समाज के अध्यक्ष बृजलाल साहू, सलाहकार महेश साहू, गोपाल साहू, देवनारायण साहू, अध्यक्षा श्रीमती अनिता साहू, श्रीमती लता साहू, श्रीमती रत्ना साहू, श्रीमती लता साहू, श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती कुमारी बाई साहू, श्रीमती अनिता साहू, अमरिका साहू सहित समाज के वरिष्ठजन व बच्चें मौजूद थे, उक्त जानकारी दीपक साहू ने दी है।

# पीएम मोदी के तानाशाही रवैया हर वर्ग है परेशान - चंदन यादव




राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी चंदन यादव राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में पहुंचकर कार्यकर्ताओं, नेताओं से की बैठक लेकर मार्गदर्शन के साथ आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किए हैं।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि श्री यादव अपने प्रवास के दौरान उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तानाशाह रवैया से त्रस्त है 70 साल में कांग्रेस ने जो विकास की गाथा लिखी थी उसे 10 वर्षों में नेस्तानाबूत करने का काम भाजपा ने किया है उत्तर से दक्षिण तक भाजपा का जनाधार खिसक गया है भाजपा के धर्म और भावनात्मक मुद्दे की पक्षधर है 10 साल की झूठी विकास की कहानी फेल हो गई है व्यापारी जीएसटी से परेशान है किसान फसल का वाजिब हक के लिए परेशान है युवा रोजगार के लिए महिला सुरक्षा के लिए परेशान है भाजपा के 10 वर्षीय कार्यकाल में देश की एकता, अखंडता, संस्कृति और तो और भारत का संविधान भी खतरे में आ गई है जैसा चुनाव रसिया, कोरिया, चीन में होते हैं उसी तर्ज पर भाजपा चुनाव की प्रक्रिया अपनाने के लिए और भारतीय संविधान को बदलने के लिए एक साजिश 2024 के लोकसभा चुनाव में रची है संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग और विपक्षी नेताओं का जेल में डालने का कार्य लोकतंत्र में विपक्ष को दबाने जैसा कार्य है आयोजित बैठक को लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक दीपक दुबे ने भी संबोधित करते हुए भाजपा के असफल और चालचरित्र चेहरे का खुलासा किया आयोजित बैठक में में राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन, विधायक दलेश्वर साहू, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, प्रदेश सचिव मेहुल मारू, शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, कमलजीत पिंटू, पप्पू धकेता, दिनेश शर्मा, शारदा तिवारी, रमेश डाकलिया, माया शर्मा, अशोक फडनविश, हनी ग्रेवाल, अमित चंद्रवंशी, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, घनश्याम देवांगन, रोहित चंद्राकर सहित ब्लॉक अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने किया जनसम्पर्क



पटेवा (दावा)। लोकसभा का चुनाव ज्यों ज्यों नजदीक आ रही है त्यों त्यों राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ती जा रही है 5 अप्रेल कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का जनसमपर्क भेंट मुलाकात कार्यक्रम तिलाई, पदुमतरा, खैरझिटी, डुमरडीह ,कलडबरी, मुड़पार, उपरवाह, सलोनी, चारभाठा, बिरेझर, जराही, मोहदी, विजयतला, ईराईकला, ईराईखुर्द, पटेवा, मासूल, जुरलाखुर्द, भैसातरा, सहसपुर दलली, गोपालपुर, सिंगारपुर, ठेलकाडीह, डुमरडीह, रेगाकठेरा का दौरा किया। कला जत्था के माध्यम से कलाकारों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से लोकसभा प्रत्याशी भुपेश बघेल को प्रचण्ड बहुमत से विजई बनाने की अपील की गई, अनेक स्थानों पर भुपेश बघेल का पटाकों की अतिशिबाजी के स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भुपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा साय-साय बंद किया जा रहा है। प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए भुपेश बघेल ने कहा कि 18 लाख आवास देने की घोषणा किया गया किन्तु अभी तक एक भी आवास नहीं आया, बेरोजगारी, महंगाई बढ़ती जा रही है, पांच सो रूपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था उसे भी नहीं दे पाया, उन्होंने पंजा छाप पर बटन दबाकर प्रचण्ड बहुमत से विजयी बनाने की अपील मतदाताओं से की,सभा को क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी संबोधित किया तथा पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को प्रचण्ड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू, शिशुपाल भारती, थानेश्वर पाटिला, शेखर वर्मा, तन यादव, दुर्गेश द्विवेदी, प्रहलाद यादव, भागवत वर्मा, मिथलेश कुमार साहू के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ईओडब्ल्यू ने मांगी थी 10 दिन की रिमांड मिली सिर्फ 3 दिन की



रायपुर। ईओडब्ल्यू ने मांगी थी 10 दिन की रिमांड मिली सिर्फ 3 दिन की, शराब घोटाला केस में प्रवर्तन निदेशालय के बाद राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने कार्रवाई तेज कर दी है। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आरोपी अनवर ढेबर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

ईओडब्ल्यू ने अनवर की 15 अप्रैल तक रिमांड मांगे थे लेकिन कोर्ट ने 8 अप्रैल तक की रिमांड स्वीकृत किया है। । कोर्ट ने ईओडब्ल्यू द्वारा आरोपी अनवर ढेबर की रिमांड पर फैसला दे दिया है। फैसला सुनाते हुए माननीय न्यायालय द्वारा ढेबर की तीन दिन की रिमांड ईओडब्ल्यू को दिया है। ईओडब्ल्यू ने हिरासत में लेने के बाद अनवर ढेबर को रायपुर कोर्ट में पेश किया और 17 अप्रैल तक रिमांड मांगी थी। जानकारी के मुताबिक ईओडब्ल्यू और एसीबी ने एडीजे निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में अपना पक्ष रखा हैं।

बता दें कि जमानत पर चल रहे अनवर ढेबर को ईओडब्ल्यू ने गुरुवार को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। आज उसे कोर्ट में पेश कर विधिवत रिमांड में लेने की अपील की है। इससे पहले ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाला केस में आरोपी कारोबारी अरविंद सिंह को जेल से छूटने के बाद गिरफ्तार कर स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। अरविंद सिंह को कोर्ट ने 8 अप्रैल तक रिमांड पर सौंप दिया है। लिकर स्कैम केस में ईडी ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें अनवर ढेबर के अलावा एके त्रिपाठी, अरविंद सिंह, नीतेश पुरोहित और त्रिलोक सिंह ढिल्लन शामिल हैं।

# गतिक वर्मा का नवोदय विद्यालय में चयन



घुमका (दावा)। आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय घुमका के कक्षा 5वीं के छात्र गतिक वर्मा आ. युवराज वर्मा-श्रीमती गीत वर्मा जिसका नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में चयन होने पर क्षेत्र के नागरिकों में इस होनहार बालक के प्रति हर्ष व्याप्त है। इन्होंने चयन का श्रेय अपने शिक्षकों एवं माता-पिता एवं दादा भानदास वर्मा का दिया है, उनके इस सफलता के लिए इष्टमित्रों एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# लोहिया पेपर द्वारा आलेसुर खरोरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 7 को

रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा. लिमिटेड रायपुर एवं श्रीराम पैथोलॉजिकल लैब के संयुक्त तत्वाधान में 7 अप्रैल को सुबह 9 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आलेसुर खरोरा, रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें बीपी शुगर एण्ड फुल बॉडी चेकअप आदि की विशेष जांच की जायेगी।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि करण बघेल (सरपंच) आलेसुर खरोरा रायपुर होंगे। कंपनी के मैनेजर सुजीत झा ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों से अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराने की अपील की है।

# लोकसभा चुनाव 190 मतदान केन्द्रों मे होगी वेबकास्टिंग




खैरागढ़ (दावा) लोकसभा चुनाव के दौरान खैरागढ़ जिले मे शामिल कुल 380 मतदान केन्द्रों में से 190 केन्द्रों मे मतदान के दौरान वेबकास्टिंग की जाएगी। इसकी तैयारी सहित मतदान केन्द्रों के चिन्हांकन का कार्य जल्द पूरा होने वाला है। इसमे खैरागढ़ विधानसभा मे आने वाले 283 मतदान केन्द्रों में से 141 केन्द्रों और डोंगरगढ़ विधानसभा के जिले मे आने वाले 97 मतदान केन्द्रों में से 49 केन्द्रों को वेबकास्टिंग के लिए शामिल किया गया है। चुनाव के दौरान जिले भर के 15 से अधिक मतदान केन्द्रों को आदर्श, संगवारी, दिव्यांग, युवा कर्मियों के द्वारा प्रबंधित किया जाएगा। संगवारी मतदान केन्द्रों को पिंक बुथ बनाकर इसका संचालन महिला कर्मियों से कराया जाएगा।

**13 केन्द्रों की कमान संभालेंगी महिला कर्मचारी**

### महिला कर्मी संभालेंगी 13 केन्द्रों की कमान

लोकसभा चुनाव के दौरान जिले के 13 मतदान केन्द्रों का पूरा जिम्मा महिला कर्मी संभालेंगी। विधानसभा चुनाव के दौरान भी इस तरह की व्यवस्था बनाई गई थी। विधानसभा चुनाव के पूर्व खैरागढ़ विधानसभा में महिला कर्मचारियो की तैनाती चुनाव मे नही की जाती थी। विधानसभा चुनाव में पहली बार महिला कर्मियों को भी चुनाव मे मोर्चा संभालने की तैयारी प्रशिक्षण के बाद दस केन्द्रों को पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा ही मतदान का जिम्मा दिया गया था। लोकसभा चुनाव मे भी खैरागढ़ विधानसभा के दस और डोंगरगढ़ विधानसभा मे आने वाले 97 केन्द्रों में से तीन मतदान केन्द्रों का जिम्मा फिर से महिला कर्मचारियों को दिया जाएगा। यहाँ पूरा मतदान कार्य महिला कर्मी ही संभालेंगी। इसके अलावा दिव्यांग कर्मियों द्वारा एक मतदान केन्द्र का संचालन किया जाएगा। युवा कर्मियों द्वारा भी एक मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी, खैरागढ़ विधानसभा में 4 मतदान केन्द्र आदर्श बनाए जाएगें।

### जिले मे 818 मतदाता घर बैठे डाल सकेंगे अपना वोट

लोकसभा चुनाव के दौरान खैरागढ़ जिले में कुल 818 मतदाता 85 वर्ष से अधिक उम्र के है। ऐसे मतदाता चुनाव आयोग के निर्देशानुसार घर बैठे भी अपना मतदान कर सकेगें। इसके लिए उन्हे आवेदन करना होगा।। आवेदन जमा होने के बाद इसके लिए निर्वाचन आयोग अपनी तैयारी करेगा। खैरागढ़ विधानसभा मे ऐसे मतदाताओ की संख्या 629 और डोंगरगढ़ विधानसभा के 97 केन्द्रों मे 189 मतदाता 85 वर्ष से अधिक उम्र के है। जिले में 89 सर्विस मतदाता भी शामिल है। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या भी जिले में 1882 है। इसमें खैरागढ़ विधानसभा में 1371 और डोंगरगढ़ के 97 केन्द्रों में 511 मतदाता शामिल है।

# यादव समाज को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की -मन्ना यादव



कवर्धा (दावा)। जिला कोसरिया यादव समाज के महिला संगठन, युवा संगठन तथा जिला संगठन की बैठक सिंगनगढ कवर्धा मे रखी गई थी। उक्त बैठक मे मुख्य अतिथि राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष मन्ना यादव व खैरागढ़ के जिला अध्यक्ष ईश्वर यादव थे।

बैठक की अध्यक्षता कवर्धा के जिलाध्यक्ष डोमलाल यादव ने की। बैठक की शुरुवात भगवान श्री कृष्ण जी की पुजा अर्चना से की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। जिला अध्यक्ष डोमलाल यादव ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुवे, बैठक की विषय पर प्रकाश डालते हुवे अपनी बात को रखी। तत्पश्चात राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष मन्ना यादव ने सामाजिक आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक तथा पुरातन व वर्तमान परिस्थिति, रहन सहन, क्षेत्र रीति-नीति पर गंभीर परिचर्चा की। इसके साथ ही समाज की रीढ़ शिक्षा व आदर्श विवाह को बताते हुवे। ओबीसी आरक्षण, संविधान ही भारत देश की आत्मा, सवित्री बाई फुले के योगदान की सराहना करते हुवे वर्तमान में लोकतंत्र के पर्व पर सभी मतदाताओं को एक बहुमुल्य वोट की उपयोगिता व सभी को अनिवार्य रुप से सौ प्रतिशत मतदान करने अपील की गई। आगामी समय में जिला कार्यक्रम का समय सुनिश्चित करते हुए नई जिला महिला संगठन को बधाई दी।

# सीईओ जिला पंचायत ने छुरिया विकासखंड के दौरे के दौरान नये मतदाताओं का तिलक लगाकर और पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया स्वागत



**नये मतदाताओं को 26 अप्रैल को मतदान करने किया प्रेरित**

राजनांदगांव (दावा)। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह छुरिया विकासखंड के ग्राम गुंडरदेही, पतोरा, कलडबरी, आमाकट्ठा, गोडलवाही में स्वीप अंतर्गत आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल हुई। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, हमारा कर्तव्य भी है। उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं को मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ग्रामीणों को अपने मताधिकार का उपयोग करने, साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को भी मतदान करने के लिए आव्हान करने कहा। जिला पंचायत सीईओ ने पहली बार मतदान करने वाले नये मतदाता प्रियंका एवं अनामिका मालेकर को तिलक और पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया तथा मतदान करने प्रेरित किया। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए बिहान की स्वसहायता समूही की महिलाओं, स्वच्छता दीदियों, ग्रामीणों, अधिकारी, कर्मचारी, सचिव, रोजगार सहायक को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान स्वीप टीम को स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली व मेहंदी, नारा लेखन सहित अन्य गतिविधियां आयोजित कर ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा।

# लोकसभा चुनाव में युद्ध स्तर पर प्रचार कर डोर-टू-डोर जायेगा युवा कांग्रेस



**राजनांदगांव लोकसभा के समस्त जिला, विधानसभा एवं ब्लॉक अध्यक्ष की बैठक कर कार्य योजना पूर्ण की गई**

राजनांदगांव(दावा)। राजनांदगांव लोकसभा चुनाव हेतु युवा कांग्रेस की भूमिका एवं कार्ययोजना तय करते हुए युवा कांग्रेस द्वारा लोकसभा स्तरीय जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी की बैठक की हुई। बैठक पूर्व मुख्यमंत्री राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, एआईसीसी राष्ट्रीय संयोजक आयुष पांडे के विशेष उपस्थित में, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी बिंदिया बनर्जी के नेतृत्व में सम्पन हुई। बैठक के दौरान समस्त जिला अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष को बूथ अनुसार जिम्मेदारी देकर कांग्रेस सांसद प्रत्याशी भूपेश बघेल एवं कांग्रेस के न्याय योजना का डोर टू डोर प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी दी गई।

अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा इस लोकसभा में पांच न्याय योजना पर महत्वपूर्ण रूप से जोर दिया जा रहा है, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय एवं किसान न्याय यह पांचों न्याय योजना को जन-जन तक पहुंचाने की युवा कांग्रेस युद्ध स्तर पर तैयारी कर चूकी है, बैठक के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा द्वारा युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया एवं लिखित में जिम्मेदारी प्रदान कर कार्य ततकाल प्रभाव से शुरू करने आदेशित किया गया।

बैठक में राजनांदगांव लोकसभा के 8 विधानसभा कवर्धा, पंडरिया, खैरागढ़, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खुज्जी, मानपुर मोहला के सभी ब्लॉक अध्यक्ष को पूरी कार्य योजना की जानकारी प्रदान करते हुए कांग्रेस पार्टी का अधिक से अधिक प्रचार कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रचंड मतों से विजय बनाने का संकल्प प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के द्वारा दिलवाया गया, इस दौरान युवाओं को प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी निखिल द्विवेदी एवं कवर्धा के युवा तुर्क आनंद सिंह के द्वारा विशेष रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

बैठक के दौरान मुख्यरूप से युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सोनू शर्मा, चेतन भानुशाली, मानव देशमुख, प्रीति वैष्णव, कवर्धा जिला अध्यक्ष चंद्रभान कोसले, खैरागढ़ जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष गुरबेज मखीजा, राजनांदगांव ग्रामीण जिला अध्यक्ष संदीप सिंह, मानपुर मोहला जिला अध्यक्ष मनीष निर्मल,पंडरिया विधानसभा अध्यक्ष तेजस्वी चंद्रवंशी, कवर्धा विधानसभा अध्यक्ष वाल्मीकि वर्मा, डोंगरगांव विधानसभा अध्यक्ष कमलेश साहू, डोंगरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सौरब वैष्णव, खुज्जी विधानसभा अध्यक्ष विनोद मंडलोई, मानपुर विधानसभा अध्यक्ष नितिन नन्हारे, अजय राजपूत के साथ प्रदेश सचिव एवं प्रभारीगण में पवन तिवारी, प्रांजल तिवारी अपराजित तिवारी, प्रिया खत्री अनूप वर्मा, कुबेर वैष्णव, प्रदेश संयोजक ऐजाज खान, महेश सेन, अनन्या शुक्ला, विधानसभा संयोजक अश्वनी वर्मा, प्रशांत बैस, गौकर्ण वर्मा, नादिर खान, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, उज्ज्वल निर्मलकर के साथ सभी 35 ब्लॉक के अध्यक्ष एवं अन्य विधानसभा संयोजक, विधानसभा एवं जिला युवा कॉग्रेस पदाधिकारी की उपस्थिति रही, बैठक अनुराग विला फरहद में संपन्न हुई उक्त जानकारी राजनांदगांव लोकसभा समन्वयक एवं प्रदेश महासचिव मानव देशमुख द्वारा प्रदान की गई।

# कोहलाटोला ग्राम पंचायत एवं कानीमेरा ग्राम में लगातार हो रहा मुरूम का अवैध उत्खनन

छुईखदान (दावा)। इस क्षेत्र के कोहला टोला ग्राम पंचायत एवं कानी मेरा ग्राम में लगातार हो रहे मुरूम का अवैध उत्खनन भयंकर मात्रा में की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त पंचायत के गरीब कृषको के बंजर भूमि को कृषि भूमि बनाने के नाम पर मुरूम का भयंकर उत्खनन कर दिया गया है वह मुरूम खनन आज भी निरंतर जारी है। अवैध उत्खनन से खनन माफियाओं द्वारा अब तक करोड़ों रुपए का वारा न्यारा कर दिया गया है। उक्त कृत्य पंचायत राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग से मिली भगत कर ठेकेदारों के लोगो द्वारा अवैध उत्खनन का गोरखधंधा आज भी जारी है। जानकारी के अनुसार नवंबर दिसंबर माह में खनन माफियाओं द्वारा पहले बेतहाशा खनन किया गया फिर फसने के डर से जनवरी माह में कृषकों के भूमि को कृषि भूमि बनाने हेतु कोहलाटोला ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पास करवाया गया, पंचायत द्वारा डेढ़ से 2 फीट तक खनन का प्रस्ताव किया गया, जबकि बेतहाशा मुरूम खनन करके बड़े-बडे खाई वह गड्ढे 10 फीट से 15 फीट तक बना दिया गया। इन सबकी शिकायत क्षेत्र के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री से की जाएंगी एवं ठोस कार्रवाई की मांग की जाएगी कोहला टोला पंचायत के अंतर्गत छिन्दारी के पास जंगलों वनों के नजदीक मुरूम खनन कर बड़े-बड़े खाई और गड्ढे बना दिया गया है। जंगली जानवरों का फसने का भी डर बना हुआ है। जिससे पर्यावरण को भी नुकसान हो रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार जल संसाधन विभाग के एक बड़े ठेकेदार का उक्त खनन में फंसने का बड़ा असर हो गया है।



सड़कों के कार्य व नहर केनाल रेलिंग कार्यों में उक्त स्थान का मुरूम बेतहाशा खनन करके खपाया जा रहा है। खनन माफियाओं द्वारा रात्रि में जेसीबी मशीन से खनन करके बड़े-बड़े हाईवे एवं ट्रैकों से मुरूम को ले जाया जाता है। दिन को पकड़ाने से डर से रात्रि व सवेरे-सवेरे खनन किया जा रहा है। कोहलाटोला गढ़बनजा प्रधानमंत्री सड़क जो चार पांच वर्ष पूर्व करीब 50 लाख राशि से बनाया गया है जो मुरूम का लोड बड़े वाहनों से लगातार उक्त प्रधानमंत्री सड़क में आने-जाने से आधा करोड़ रुपए का बनायी गई प्रधानमंत्री सड़क पूर्ण रूप से बर्बाद हो गया है ज्ञात हो कि मुरुम खनन क्षेत्र में लगे हुए बड़े-बड़े वन क्षेत्र है वन क्षेत्र के लगे बड़े गड्ढे खाई खनन माफिया द्वारा किया जा रहा है वन क्षेत्र का अवैध रूप से मुरूम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है वन क्षेत्र में बेधड़क जैसे भी वह बड़े-बड़े वाहन प्रतिदिन घुस रहे और वन विभाग राजस्व खनिज विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किया जाना कई प्रकार का संदेह को जन्म दे रहा है।

# चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मेले के दौरान दर्शनार्थियों के लिए रेलवे द्वारा दी जा रही है अतिरिक्त सुविधा

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ़ में चैत्र नवरात्रि पर्व दिनांक 09 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित चैत्र नवरात्रि मेला में आने-जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियों के विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही। इन सुविधाओं के तहत गाड़ियों के डोंगरगढ़ व रायपुर तक अस्थायी विस्तार/परिचालन के साथ कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का डोंगरगढ़ स्टेशन में भी दिनांक 09 अप्रैल से 17 अप्रैल तक अस्थायी ठहराव दिया जा रहा हैं।



प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि, उपरोक्त अवधि में अस्थायी रूप से 08742/08741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेजर स्पेशल को रायपुर तक विस्तारित की जा रही है। दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये दिनांक 08 से 17 अप्रैल तक 08721 रायपुर- डोंगरगढ मेमू पैसेंजर स्पेशल तथा 08723 डोंगरगढ रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल एवं दिनांक 09 से 18 अप्रैल तक गाडी 08724 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का पुनःपरिचालन अस्थायी रूप से किया जा रहा है। दिनांक 09 अप्रैल से 17 अप्रैल तक डोंगरगढ रेलवे स्टेशन कुल दस गाड़ियों का ठहराव अस्थायी रूप से दिया जा रहा है इन रेल गाड़ियों का समय सारणी दुर्ग व गोंदिया के मध्य यथावत रहेगा। डोंगरगढ़ स्टेशन पर गाडी क्र. 20843 बिलासपुर-भगत की कोटी 21:56/21:58 बजे, 20844 भगत की कोटी-बिलासपुर 05:55/05:57 बजे, 20845 बिलासपुर-बीकानेर 21:56/21:58 बजे, 20846 बीकानेर-बिलासपुर 05:55/ 05:57 बजे, 12851 बिलासपुर-चेन्नई 12:19/12:21 बजे, 12852 चेन्नई-बिलासपुर 10:33/10:35 बजे, 12849 बिलासपुर-पुणे 14:41/14:43 बजे, 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस 12:15/12:17 बजे, 12772 रायपुर-सिकंदराबाद 18:34/18:36 बजे तथा 12771 सिकंदराबाद-रायपुर 10:46/10:48 बजे आगमन / प्रस्थान करेंगी।

# राष्ट्रीय जुजित्सु में राजनांदगांव जिले ने जीते सर्वाधिक पदक



डोंगरगढ़ (दावा)। लखनऊ उत्तर प्रदेश में पांच दिवसीय राष्ट्रीय जुजित्यु प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए राजनांदगांव जिला से आरवी रामटेके ने 8 वर्ष से कम आयु वर्ग में 22 किलोग्राम फाइटिंग में कांस्य पदक एवं नेवाजा में राजत पदक प्राप्त किया। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग बालिका में दिव्या निषाद 32 किलो वर्ग में फाइटिंग में कास्य पदक एवं नेवाजा में कांस्य पदक कुमारी अनुष्का चंदेल 36 किलोग्राम में नेवाज़ा में स्वर्ण पदक फाइटिंग में रजत पदक प्राप्त किया। 12 वर्ष से कम बालक वर्ग में राणा विक्रम सिंह 30 किलोग्राम में कास्य पदक सुयश साहू 34 किलोग्राम में कारय पदक 14 वर्ष आयु वर्ग में 52 किलोग्राम में निकिता निषाद ने नेवाजा में रजत पदक 16 वर्ष आयु वर्ग बालक में वेदांश मोहने 40 फिर्ताग्राम कांटेक्ट फाइटिंग में कास्य पदक 18 वर्ष आयु वर्ग बालिका में राणा वसुंधरा सिंह 70 किलोग्राम नेवाजा में रजत पदक एवं फाइटिंग में कांस्य पदक 18 वर्ष आयु वर्ग बालक 55 किलोग्राम में राम निहाल वर्मा नेवाजा में कास्य पदक देवेश साहू ने कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों का भव्य स्वागत पदक जीत कर आए सभी खिलाड़ियों का डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर कर भव्य स्वागत किया गया। खेल संघ के जिलाध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी ने बताया कि खेल अलंकरण की पुनः शुरुआत करे जाने पर प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया साथ ही उम्मीद जताई कि अब खेल के क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज व खिलाड़ियों को उचित सुविधाओं का अभाव समाप्त होगा साथ ही राजनांदगांच सहित डोंगरगढ़ व आसपास के सेनों में खिलाड़ियों के लिए सर्वसुविधायुक्त पुक्त मैदान तैयार हो सकेंगे जिससे खेल जगत की जिले में नए कीर्तिमान गढ़ने व जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में मदत मिल सकेंगी।

श्री भडारी ने जिले एसोसिएशन की और से सभी खिलाड़ियों व परिवारजनों की बधाई व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही खिलाड़ियों की सुविधाओं को पूरा करने का प्रयास करने का वादा किया। इस अवसर जुजित्सु एसोसियेशन ऑफ राजनांदगांव के अध्यक्ष विवेक मीनू भंडारी उपाध्यावश त्रिलोक जांभुलकर, सचिव तरुण कुमार गरकड़े, सह सचिव जॉर्ज मसीह, सह सचिव तैजस राहुल, कोषाध्यक्ष श्रीमति पूनम टेंबूरकर सदस्य निसार अब्बास सदस्य चंद्रहास साहू ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### 28 राज्यों के 1200 खिलाड़ियों ने लिया भाग- जुजित्सु

एसोसियेशन ऑफ राजनांदगांव के उपाध्यक्ष त्रिलोक जांभुलकर ने बताया कि लखनऊ उत्तर प्रदेश में पांच दिवसीय राष्ट्रीय जुजित्सु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए पांच दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 28 राज्यों से लगभग 1200 खिलाडियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ टीम के कोच तेजस राहुल, टीम मैनेजर बाबूराव जनबंधु एवं छत्तीसगढ़ टीम के प्रमुख कोच राणा अजय सिंह के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिले में दो स्वर्ण पदक पांच रजत पदक एवं नौ कांस्य पदक प्राप्त हुए।

# छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने टैगोर द्वारा स्थापित बोलपुर के शांति निकेतन का शैक्षणिक भ्रमण किया



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने प. बंगाल के बोलपुर में गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा निर्मित शांति निकेतन विश्व भारती यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण किया। सनद रहे की गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने शिक्षा, मानवता और प्रकृति के सतत विकास एवं संरक्षण हेतु सन 1863 में प. बंगाल के बोलपुर में शांति निकेतन का स्थापना किया था जो कालांतर में विश्व भारती विश्वविद्यालय के नाम से प्रसिद्ध हुआ। आज यह स्थान विश्व की एक प्रमुख धरोहर बन चुकी हैं। छत्तीसगढ़ के शिक्षक सदा से ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सतत विकास हेतु प्रयत्नशील रहे है। इसी तारतम्य में यहां के शिक्षकों ने विगत दिनों उक्त शैक्षणिक संस्था का गहन और विस्तृत भ्रमण किया। शिक्षकों ने यहां टैगोर भवन, कला मंच, रविंद्र भारती म्यूजियम, विश्व भारती यूनिवर्सिटी, अमर कुटीर, सोनाझूरी हाट आदि मनमोहक स्थानों का शैक्षिक भ्रमण किया एवं वहां के इतिहास, परंपरा, संस्कृति और प्रकृति का अध्ययन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव की ओर से धनेश सिन्हा, कौशल राम चंद्रवंशी, बसंत यादव, रोमलाल चंद्राकर, दिनेश वाल्दे, खलेश्वर मंडावी, खैरागढ़ से नरोत्तम उर्वाशा, कोंडागांव से मोहनलाल बोगा, मोहला से हेमराज सहारे, बालोद से अरुण साहू ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए। धनेश सिन्हा ने बताया की छत्तीसगढ़ के शिक्षक विद्यार्थियों के चौमुखी विकास हेतु अपने प्रोफेशनल डेवलपमेंट पर काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के शिक्षक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में एक नई और उन्नत पेडागोजी पर लगातार काम कर रहे हैं। इसी तारतम्य में राज्य के नवाचारी शिक्षक अलग अलग स्थानों में जाकर वहां से जानकारी एकत्रित करते है और आवश्यकतानुसार प्राप्त जानकारियों को अपने विद्यार्थियों के बीच साझा करते हैं।

# सदगुरु कबीर संत समागम समारोह मनगटा में 13 से

टेड़ेसरा (दावा)। क्षेत्र के ग्राम मनगटा में सद्गुरु कबीर धनि धर्मदास साहेब व परम पूज्य हुजूर प्रकाश मुनीनाम साहेब एवं पंथ हुजूर उदित मुनी नाम साहेब की दया से यह आयोजन महंत सुकृत दास साहेब की पावन स्मृति में सद्गुरु कबीर संत समागम समारोह एवं सात्विक यज्ञ आनंदी चौका आरती का कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम 13 एवं 14 अप्रैल को किया जाना है। जिसमें प्रथम दिवस प्रातः 9:00 बजे दीप प्रज्जलित एवं निशान पूजा, 9 बजे से 10 बजे तक गुरु महिमा पाठ, सुबह 10 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक भजन सत्संग महंत राजूदास साहेब कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा से पधारेंगे। इसी प्रकार 3 से 6 तक प्रवचन व सत्संग महंत हरिश दास साहेब बांधवगढ़ धाम मध्य प्रदेश से पधारेंगे। शाम 7 बजे से 9 बजे तक सत्संग भजन महंत राजूदास साहेब कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के द्वारा लगातार किया जाएगा। द्वितीय दिवस प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक गुरु महिमा पाठ एवं 10 से दोपहर 1 बजे तक भजन सत्संग महंत राजूदास साहेब व 1 बजे से परम पूजनीय सुलक्षणा माता साहिबा कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के आगमन पर भव्य कलश यात्रा एवं बाईक रैली, दोपहर 2 बजे हुजूर गृन्धमुनी नाम साहेब प्रवेश द्वार का लोकार्पण पूज्यनीय सुलक्षणा माता साहिबा के करकमलो द्वारा किया जाएगा। दोपहर 3:00 बजे से परम पूज्यनीय सुलक्षणा माता साहिबा के श्रीमुख से आशीर्वाद वचन एवं भेट बंदगी, शाम 7 बजे से सात्विक यज्ञ आनंदी चौका आरती महंत हरिश दास साहेब के कर कमलों से संपन्न होगा। सभी संत जनों को अपना मानव जीवन को सफल बनाने एवं इस पावन अवसर का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पधारने हेतु अपील किया जा रहा है। परिक्षेत्रीय कबीरपंथी समाज के द्वारा जोर-जोर के साथ कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन क्षेत्र भव्य आयोजन क्षेत्र के कबीर पंथ समाज, आमीन माता महिला मंडल व समस्त ग्रामवासियों एवं परीक्षेत्रीय टेड़ेसरा के तत्वाधान में यह आयोजन किया जा रहा है।

### कल जोशीलमती में कर्मा जयंती

छुरिया (दावा)। साहू समाज परिक्षेत्र गैंदाटोला (जोशीलमती) द्वारा 7 अप्रैल को भक्त मां कर्मा जयंती ग्राम जोशीलमती में मनाया जाना है। जिसमें समाज के सभी सामाजिक लोग शामिल होंगे। मां कर्मा की पूजन आरती पश्चात अतिथियों का सम्मान व उद्बोधन व सार्वजनिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जोशीलमती ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू ने सभी स्वाजातिय जनों एवं आसपास के सभी ग्रामीणों से उपस्थित की अपील की है।

# दो दिनों में 24 शक्ति केन्द्रों की बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**प्रत्येक बूथ 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य**

डोंगरगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से देश की प्रमुख और सदस्यता में अव्वल राजनीतिक पार्टी भाजपा ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये लक्ष्य अबकी बार 400 पार के नारे को सार्थक करने का प्रयास प्रारंभ कर दिया है। इसके लिए पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं तथा आमजनता तक सतत संपर्क बनाने की दृष्टि से विगत दो दिनों में पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने 24 शक्ति केन्द्रों की ताबड़तोड़ बैठक ली है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार पहले दिन मनेरी, रूदगांव व आरी शक्ति केन्द्र की बैठक पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने, दीवानभेड़ी, मारगांव व मचानपार शक्ति केन्द्र की बैठक मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने, अर्जुनी, घोरदा व रामपुर शक्ति केन्द्र की बैठक वरिष्ठ भाजपा नेता पवन जैन ने, खुज्जी, बड़गांव चारभांठा व खुर्सीपार शक्ति केन्द्र की बैठक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. निरेन्द्र साहू ने तथा मोहड़, कोकपुर तथा आसरा शक्ति केन्द्र की बैठक मंडल भाजपा महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने लिया। दूसरे दिन तुमड़ीबोड़, बोदेला व बांकल शक्ति केन्द्र की बैठक डॉ. निरेन्द्र साहू ने, सांगिनकछार, तिलईरवार व कोहका शक्ति केन्द्र की बैठक पवन जैन ने तथा कुतुलबोड़ भांठागांव, करमतरा व किरगी शक्ति केन्द्र की बैठक रामकुमार गुप्ता ने ली।

समस्त बैठकों में प्रभारियों ने कार्यकर्ताओं से बूथ संकल्प अभियान, प्रत्येक मतदान केन्द्र में 370 वोटों की बढ़ोतरी, मतदाता सूची के अवलोकन, पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किये जाने वाले माइक्रोडोनेशन, घर-घर जनसंपर्क अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान सहित लोकसभा चुनाव की रणनीति पर व्यापक तौर पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने मिलकर अपने अपने बूथ में वोट प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प भी लिया। विभिन्न बैठकों में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने की लक्ष्य को लेकर हम सबको जुड़ जाना है। 400 लोकसभा सीट का लक्ष्य तब पूर्ण होगा, जब प्रत्येक बूथ में हमारा वोट प्रतिशत बढ़ेगा। आप सबकी ताकत के बल पर हमने जनता के साथ मिलकर राज्य में पांच वर्षों तक संघर्ष किया है। पार्टी के समस्त छोटे बड़े कार्यकर्ताओं की बदौलत हम लोंगो नें पांच सालो में ही कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेकने का कार्य किया है, जिसका श्रेय सभी को जाता है।

इस दौरान खुर्सीपार शक्ति केन्द्र में आयोजित बैठक में चुनाव प्रभारी दिनेश गांधी भी शामिल हुए और उन्होनें कहा कि सबके सहयोग और जन समर्थन से राज्य मे विष्णु देव साय की सरकार बनी है, और अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था देने वाली सरकार बनानी है। उन्होंने कहा की मोदी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं, दस वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। विभिन्न शक्ति केन्द्र में आयोजित बैठक में अन्य कार्यकर्ताओं में विधि प्रकोष्ठ के सतीश पाण्डेय, भाजयुमो के मंडल उपाध्यक्ष कोमल साहू, गुलशन हिरवानी, चुन्नी यदु, अंजू त्रिपाठी, नसीब रात्रे, पुष्पेंद्र हिरवानी भी उपस्थित थे।

# गांव का माहौल खराब करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



डोंगरगढ़ (दावा)। गांव का माहौल खराब करने वाले आरोपी के विरूद्ध पुलिस द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए पुलिस की ओर से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। 03 अप्रैल को लगभग रात्रि 11.30 बजे ग्राम डुण्डेरा वासियों द्वारा ग्राम डुण्डेरा में गांव के विकास, समस्या एवं अन्य महत्वूर्ण विषयों पर बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें गांव के सभी गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण सम्मिलित हुये थे।

बैठक के दौरान गांव का तोषण वर्मा पिता रवि लाल वर्मा उम्र 32 साल निवासी ग्राम डुण्डेंरा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा मिटिंग में अनावश्यक वाद विवाद एवं ग्रामीणों के द्वारा समझाईश देने पर मारपीट करने का उतारू होना व गाली गुप्तार कर धमकी देकर डराने का प्रयास किया गया तथा पूर्व में भी इसी प्रकार के कृत्य गांव में करने बाबत आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन के जांच कार्यवाही दौरान अनावेदक मेरे खिलाफ कौन झूठी शिकायत किया है, करके वाद-विवाद करने एवं मारपीट पर उतारू होने पर समझाईस देने के बावजुद नहीं मानने पर अनावेदक के विरूद्ध धारा- 151, 107, 116 (3) जा0 फौ0 के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। बाद एसडीएम के आदेश पर अनाावेदक को जेल भेजा गया है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत अंबागढ़ चौकी में सह फ्लैग मार्च




अंबागढ़ चौकी (दावा)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 04 अप्रैल को अम्बागढ़ चौकी में सामान्य प्रशासन और पुलिस प्रशासन के समन्वय से जागरूकता सह फ्लैग मार्च रैली निकाला गया, रैली के माध्यम से नगरवासियों को मतदान दिवस को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित किया गया, पुलिस प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपील एवं प्रशासन 'हर कदम पर जनता के साथ हैं' का भरोसा दिया गया, सह फ्लैग मार्च कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती प्रियंवदा रामटेके, तहसीलदार दिनेश साहू, नायब तहसीलदार श्रीमती हेमलता सलामे, थाना प्रभारी अश्वनी राठौर, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी दिलीप यदु, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती विनीता सोनी, जनपद पंचायत/नगर पंचायत/तहसील कार्यालय/पुलिस प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेल-खेल में 100 प्रतिशत मतदान का लिया शपथ

डोंगरगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर स्थानीय प्रशासन के साथ सभी विभाग मतदान के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न माध्यमों से आम लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं, आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्राम मोहड़ के मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया, जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संजय अग्रवाल व जिला पंचायत सीईओ/जिला स्वीप कार्यक्रम नोडल अधिकारी सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन में तथा डोंगरगांव एसडीएम मनोज कुमार मरकाम के निर्देशन में तहसीलदार पी.एल.नाग, नायब तहसीलदार नायब तहसीलदार अब्दुल वसीम सिद्दीकी व झरना राजपूत, जनपद सीईओ नवीन कुमार, डोंगरगाांव नगर पंचायत सीएमओ डी.एस.पाल, बीईओ आर.एल.पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर व जयन्त साहू सहित पत्रकारबंधुओं ने मतदाताओं को 100 प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से राजस्व विभाग, जनपद पंचायत, शिक्षा विभाग व नगर पंचायत के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. स्वीप कार्यक्रम की नोडल रश्मि ठाकुर व स्वीप कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राहुल जैन द्वारा बताया गया कि इस प्रतियोगिता में सर्वप्रथम जनपद व राजस्व विभाग के मध्य मैच खेला गया। जिसमें जनपद पंचायत विभाग की ओर से डोंगरगांव सी.ई.ओ. नवीन कुमार की धुंआधार बल्लेबाजी की बदौलत बड़ी जीत दर्ज की, दूसरा मैच शिक्षा विभाग व नगर पंचायत विभाग के मध्य खेला गया जिसमें शिक्षा विभाग की टीम ने जीत हासिल की। अंत में जनपद पंचायत व शिक्षा विभाग के मध्य फाइनल मैच हुआ, जिसमें शिक्षा विभाग ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वीप क्रिकेट कप पर कब्जा किया, मैदान के पिच से लेकर स्टंप, बल्ले, मोमेंटो, ट्राफी, टी-शर्ट, कैप, मानव श्रृंखला सभी मे स्वीप को फोकस करते हुए 100 प्रतिशत मतदान हेतु प्रचार प्रसार किया गया.



- अधिकारियों और कर्मचारियों की उतरी क्रिकेट टीम- शिक्षा विभाग रही विजेता, उपविजेता जनपद पंचायत
- नागरिकों से खिलाड़ियों और दर्शकों ने 26 अप्रैल को मतदान करने का किया आव्हान
- स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में दिखा स्टंप से लेकर मैदान के चारों ओर स्वीप का संदेश

फाइनल मैच के बाद एस.डी.एम. मनोज कुमार मरकाम द्वारा विजेता शिक्षा विभाग के कोच आर.एल.पात्रे, कप्तान जयंत साहू व उपविजेता टीम के कप्तान नवीन कुमार को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं प्रेम गोस्वामी, गोविंद गुप्ता, घनश्याम साव, महेंद्र लंझारे को प्रतीक चिन्ह के माध्यम से एस.डी.एम. मनोज कुमार मरकाम ने सम्मानित किया। सम्मान की इस कड़ी में विजेता व उपविजेता टीम के सभी खिलाडियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सभी अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया, कार्यक्रम मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में सभी अधिकारियों के साथ बी.आर.सी.अरविंद रत्नाकर, दिलेश्वर सांडिल्य, लच्छू साहू, मालेकर जी सहित पटवारी, सचिव, डोंगरगांव के सभी पत्रकार, सभी विभाग के कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित होकर मैच का भरपूर आनंद लिया। पूरे खेल के दौरान लाईव कामेंट्री भी की गई, खेल के दौरान मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों, स्वच्छता दीदी, ग्रामीण महिलाओं और दर्शकों को 100 प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई, कार्यक्रम का संचालन एबीईओ रश्मि ठाकुर व कोकपुर संकुल समन्वयक राहुल जैन ने किया।

कार्यक्रम मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में एसडीएम मनोज कुमार मरकाम, तहसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार सुश्री झरना राजपूत, जनपद सीईओ नवीन कुमार, नगर पंचायत सीएमओ डीएस पाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.एल पात्रे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री रश्मि ठाकुर व जयन्त साहू, बीआरसी अरविंद रत्नाकर, डोंगरगांव निर्वाचन कार्यालय प्रमुख से गजेंद्र हरिहरनो, संकुल समन्वयक राहुल जैन, दिलेश्वर सांडिल्य, लच्छू साहू, मालेकर सहित शिक्षा विभाग से फिनेश कोमरे, प्रवीण राजपूत, अम्बिका, पटवारी अजय राणा, नीरज द्रीवेदी, श्री यदु, डोंगरगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी सचिव, पीटीआई हारून कुरैशी, पारख कुंजाम, भूपेश यदु, अनुराग यदु, जनपद से मो. शाकिल खान, रूपेंद्र सिन्हा, राकेश ठाकुर, झामेंद्र साहू, हिमाचल साहू, परमेश्वर साहू, डोंगरगांव के सभी पत्रकार, सभी विभाग के कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### चोरों ने तिजोरी से 30 मिलियन डॉलर उड़ाए

लॉस एंजिल्स। शहर में चोरों ने तिजोरी में रखे 30 मिलियन डॉलर पर हाथ साफ कर दिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पुलिस और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) मामले की जांच कर रहे हैं। चोरी ईस्टर के दिन रविवार को सैन फर्नांडो घाटी के उपनगरीय इलाके सिलमार में गार्डावर्ल्ड में हुई । रिपोर्ट में कहा गया है कि सोमवार सुबह मामले की जानकारी हुई। यह शहर में नकदी चोरी के मामले में अब तक कि सबसे बड़ी चोरियों में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां पूरे इलाके के व्यवसायियों से नकदी को इकट्ठा कर रखा जाता था। चोरों को इसके बारे में पूरी जानकारी थी। लॉस एंजिल्स में इससे पहले सबसे बड़ी नकदी की लूट 12 सितंबर 1997 को हुई थी। इस दौरान आरोपियों ने 18.9 मिलियन लूट लिए थे।

### आयकर विभाग ने हीरो मोटोकॉर्प को थमाया नोटिस

नई दिल्ली। ऑटो दिग्गज हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि उसे इनकम टैक्स विभाग से टैक्स और ब्याज के रूप में 605 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस मिला है। हीरो मोटोकॉर्प ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, कंपनी को 3 अप्रैल को आयकर विभाग से छह मूल्यांकन वर्षों से संबंधित नोटिस प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने खुलासा किया कि टैक्स की मांग 308.65 करोड़ रुपये है, बाकी 296.22 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में है। देश की अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता ने कहा, यह मूल्यांकन वर्ष 2013-14 से 2017-18 और 2019-20 के लिए है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह इन आदेशों के खिलाफ अपील दायर करेगी और आदेश में सुधार की मांग करेगी। हीरो मोटोकॉर्प ने कहा, प्रबंधन की राय में टैक्स की मांग से कंपनी की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### मंदिर में 11 साल के बच्चे को गर्म सरिये से दागा

ह्यूस्टन। यूएसए के टेक्सस में एक 11 साल के बच्चे को गर्म सरिए से दागने के मामले में एक हिंदू मंदिर और उसके मूल संगठन पर बच्चे के पिता ने केस कर एक मिलयिन डॉलर मुआवजे की मांग की है। फोर्ट बेंड काउंटी में रहने वाले विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी हिंदू मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को गर्म लोहे की छड़ से दागा गया था। फोर्ट बेंड काउंटी में दायर मुकदमे के अनुसार, बच्चे को बहुत दर्द और स्थायी विकृति का सामना करना पड़ा, जिसमें बच्चे के पिता चेरुवु मंदिर और उसके मूल संगठन, जीयर एजुकेशनल ट्रस्ट (जेईटी) यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहा है.प्रेस कॉन्फ्रेंस में बच्चे के पिता ने कहा कि घटना को लेकर वे हैरान थे और उन्हें नहीं पता था कि वे इसे कैसे हैंडल करें। उनकी पहली प्राथमिकता बच्चे के स्वस्थ्य होने को लेकर थी।

### आत्मघाती विस्फोट, आतंकी समूह नुसरा फ्रंट के सह-संस्थापक की हुई मौत

इदलिब। उत्तर-पश्चिमी सीरिया में बृहस्पतिवार देर रात एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में, आतंकवादी संगठन अल-कायदा से जुड़े संगठन के सीरियाई सह-संस्थापक की मौत हो गई। एक युद्ध निगरानीकर्ता ने यह जानकारी दी। कुछ कार्यकर्ताओं ने बताया कि बम विस्फोट में अबू मारिया अल-कहतानी की मौत हो गई। अबू मारिया अल-कहतानी का असली नाम मयसारा अल-दुबौरी था। अल-कहतानी सीरिया में नुसरा फ्रंट का सह-संस्थापक था, जो एक आतंकवादी समूह है। समूह ने बाद में अपना नाम हयात तहरीर अल-शाम रख लिया और दावा किया कि उसने अल कायदा के साथ संबंध तोड़ दिए हैं। ब्रिटेन के %ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स% के अनुसार, हमलावर देर शाम इदलिब प्रांत के सरमादा शहर में अल-कहतानी के गेस्ट हाउस में घुस गया और अपने विस्फोटकों से खुद को उड़ा लिया। इससे पहले हाल ही में सीरिया उस वक्त सुर्खियों में आया था जब राजधानी दमिश्क हवाई हमलों से दहल गई थी। सीरिया में मौजूद ईरानी दूतावास पर संदिग्ध इजराइली विमानों ने बमबारी की थी। सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजराइली हमले में ईरान के दो जनरल और पांच अधिकारी मारे गए थे। इजराइल की तरफ से किए गए इस हमले के बाद माना जा रहा है कि अब मध्य पूर्व में टकराव और बढ़ेगा। ईरानी राजदूत हुसैन अकबरी ने हमले का बदला लेने का संकल्प लिया है।

# बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से हारी चेन्नई, हैदराबाद के लिए अभिषेक बने गेम चेंजर, खेली तूफानी पारी

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हराया। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 165 रन बनाए थे। जवाब में हैदराबाद ने 16 गेंदें शेष रहते चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। हैदराबाद के लिए एडेन मार्करैम ने 36 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेली। टीम को अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने तेज शुरुआत दिलाई थी जिसका फायदा टीम को मिला। चेन्नई के लिए मोइन अली ने दो विकेट झटके। चेन्नई को इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने भी हराया था और इस सीजन उसे लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। अभिषेक को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



#### अभिषेक-हेड ने खेली तूफानी पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने तूफानी पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी की। अभिषेक शर्मा ने पारी का दूसरा ओवर डालने आए मुकेश चौधरी को आड़े हाथों लिया। अभिषेक ने मुकेश का चौके के साथ स्वागत किया और तीसरी गेंद पर छक्का जड़ा। इसके बाद उन्होंने पांचवीं गेंद को फिर बाउंड्री के पार भेजा। यह गेंद नो बॉल करार दी गई और फिर अभिषेक ने फ्री हिट पर भी छक्का जड़ा। चेन्नई के लिए यह ओवर काफी महंगा साबित हुआ। इससे पहले हैदराबाद की पारी के दूसरी ही गेंद पर मोइन अली ने ट्रेविस हेड का आसान सा कैच छोड़ा। उस वक्त हेड ने खाता भी नहीं खोला था।

#### हेड ने जीवनदान का उठाया फायदा

अभिषेक के आउट होने के बाद हेड ने एडेन मार्करम के साथ मिलकर पारी आगे बढ़ाई और खुद को मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने लगातार शॉट खेले और पॉवरप्ले की समाप्ति तक चेन्नई को खुश होने का मौका नहीं दिया। हैदराबाद ने पॉवरप्ले तक एक विकेट पर 78 रन बनाए थे जो उसका आईपीएल इतिहास का पॉवरप्ले में तीसरा सर्वोच्च स्कोर है। हेड धीरे-धीरे अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन महेश तीक्षणा ने हेड को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया।

#### मार्करम ने जड़ा पचासा

हेड और अभिषेक ने हैदराबाद की जीत की नींव रख दी थी, लेकिन टीम को लक्ष्य प्राप्त कराने से पहले अपने विकेट गंवा बैठे। इसके बाद हालांकि मार्करम ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने शानदार लय में बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए। हालांकि अर्धशतक पूरा करते ही मार्करम अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हें मोइन अली ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद मोइन ने शाहबाज अहमद को भी एलबीडब्ल्यू आउट कर पवेलियन की राह दिखाई। हालांकि हेनरिच क्लासेन (नाबाद 10) और नीतीश रेड्डी आठ गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 14 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## भारत आईसीसी टूर्नामेंट खेलने पाकिस्तान जाएगा?

नई दिल्ली। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान करने वाला है। अगले साल होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट को लेकर अभी से बहस छिड़ी हुई है कि भारतीय टीम मैच खेलने के लिए पाकिस्तान जाएगी या फिर नहीं। इससे पहले भी एशिया कप 2023 का आयोजन पाकिस्तान में हुआ था, लेकिन भारत ने पाकिस्तान में मैच खेलने से इनकार कर दिया था। इस कारण से भारत के सभी मैच श्रीलंका में कराए गए थे। ऐसे में अब जब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन भी पाकिस्तान में होने वाला है, तो बीसीसीआई एक बार फिर से मैच खेलने के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार कर रही है। इस कड़ी में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने बताया कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 खेलने के लिए पाकिस्तान जाएगी या फिर नहीं।

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने न्यूज 24 के एक खास कार्यक्रम में वैभव भोला के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान चाहता है कि वह भारत में आतंकवादी को बढ़ावा दे और हम क्रिकेट मैच खेलने के लिए पाकिस्तान जाएं, तो ऐसा नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि वैसे तो यह फैसला बीसीसीआई का होगा, लेकिन भारत को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान नहीं जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय टीम क्रिकेट खेलने के लिए पाकिस्तान तभी जाएगी, या फिर आईसीसी टूर्नामेंट के अलावा भी दोनों टीमों के बीच क्रिकेट मैच तभी खेला जाएगा।

## भारत बंद करेगा यूरिया का आयात

नई दिल्ली। किसान भाईयों के लिए बड़ी खबर है। भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा। यह जानकारी खुद रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने दी है। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण पर बड़े पैमाने पर जोर देने से आपूर्ति और मांग के बीच अंतर को पाटने में मदद मिली है। मांडविया ने कहा कि भारतीय कृषि के लिए उर्वरकों की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश पिछले 60-65 साल से फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहा है। अब सरकार नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए तैयार



पर्थ। भारतीय पुरुष टीम रोमांचक हॉकी मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से है। सीरीज का पहला मैच शनिवार को पर्थ में खेला जाएगा।

पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारत की तैयारियों का यह अंतिम पड़ाव है। 7, 10, 12 और 13 अप्रैल को होने वाले अन्य चार मैचों के साथ, प्रशंसक उच्च स्तरीय हॉकी का लुत्फ उठाएंगे।

एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अपने शानदार प्रदर्शन से ताजा, जहां उन्होंने भुवनेश्वर और राउरकेला में अपना दबदबा दिखाया, भारतीय टीम, जिसका नेतृत्व हरमनप्रीत सिंह कर रहे हैं, एक शानदार प्रतिष्ठा के साथ इस श्रृंखला में प्रवेश कर रही है।

भुवनेश्वर में चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की और राउरकेला में अजेय क्रम बनाए रखते हुए, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनके प्रदर्शन के स्तर को ऊपर उठाने की उम्मीद जगाई है। मुख्य कोच क्रेग फल्टन इस दौरे के महत्व को व्यक्त करते हुए कहते हैं, यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक से पहले हमारी टीम की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाना और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम शीर्ष पर हैं। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इसी भावना को व्यक्त करते हुए घोषणा की, हम आगे आने वाली चुनौती के लिए तैयार हैं। हर मैच हमारे लिए अपना कौशल दिखाने और अपने देश को गौरवान्वित करने का एक अवसर है।

## सेंथिलकुमार आठवीं वरीयता प्राप्त पार्कर को हराकर जर्मन ओपन के क्वार्टरफाइनल में

हैम्बर्ग। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर पर 3-1 की उलटफेर भरी जीत के साथ जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। 2023 एशियाई व्यक्तिगत रजत पदक विजेता सेंथिलकुमार ने 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के पीएसए वर्ल्ड टूर कांस्य इवेंट में दूसरे दौर में उच्च रैंकिंग वाले अंग्रेज पर 61 मिनट में 3-1 (11-5, 11-8, 9-11, 11-9) से प्रभावशाली जीत दर्ज की।




पीएसए टूर वेबसाइट के अनुसार, सेंथिलकुमार ने अच्छी फॉर्म में मैच की शुरुआत की और बढ़त बना ली, अंग्रेज खिलाड़ी को भारतीय की गति के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा और सेंथिलकुमार ने पहला गेम 11-5 से जीत लिया। पार्कर दूसरे में करीब आ गया, हर बिंदु पर संघर्ष करते हुए, और कुछ पिन-पॉइंट सटीक ड्रॉप बनाए, लेकिन यह भारतीय ही था जिसने पहले दो गेमों में निरंतरता बनाए रखते हुए दो गेम की बढ़त ले ली। पार्कर ने तीसरे गेम के लिए कोर्ट पर ध्यान केंद्रित किया, और अपनी गुणवत्ता दिखाते हुए भारतीय को खेल के एक और करीबी चरण में धकेल दिया और तीसरा गेम जीत लिया। अंत में सेंथिलकुमार ने धैर्य बनाए रखा और अपनी 2-1 की बढ़त को जीत में बदल दिया और क्वार्टर

## टेस्ला को जल्द भारतीय सड़कों पर लाने का पीएम मोदी का संकल्प, फैक्ट्री के लिए जमीन तलाश रही कंपनी

नई दिल्ली । यह 2015 की बात है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो में टेस्ला सुविधा का दौरा किया था और एलन मस्क उन्हें अपने इलेक्ट्रिक कार प्लांट के दौरे पर ले गए थे और पीएम को आश्वस्त किया था कि इलेक्ट्रिक वाहन बनने जा रहे हैं। लगभग एक दशक बाद टेस्ला भारत में आने और निर्माण करने के लिए तैयार है।



टेक अरबपति अंततः देश में 2-3 अरब डॉलर का ईवी संयंत्र स्थापित करने के लिए संभावित स्थान की तलाश के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेज रहा है।

रिपोर्टों में कहा गया है कि टेस्ला के सीईओ के दिमाग में सबसे ऊपर तीन राज्य हैं - गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु - जिनके पास ईवी बुनियादी ढांचा है, साथ ही बंदरगाह भी हैं, जो इलेक्ट्रिक कार की दिग्गज कंपनी के लिए कारों का निर्यात करना आसान बनाते हैं।

मस्क को टेस्ला गीगाफैक्ट्री स्थापित करने और बाकी दुनिया में ईवी निर्यात करने के लिए भारत को अपने अगले बड़े गंतव्य के रूप में देखने के लिए मनाने में पीएम मोदी के लगातार प्रयासों का श्रेय जाता है। पिछले साल जून में पीएम मोदी ने अमेरिका में मस्क से मुलाकात की थी और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयासों की सराहना की थी।

प्रधानमंत्री ने मस्क को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में

## प्रथम पेज का शेष

***30 लाख नौकरी, आरक्षण में ...***

निपटारा करने के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतों का गठन और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा।

3. केंद्र सरकार में विभिन्न स्तरों पर स्वीकृत लगभग 30 लाख रिक्त पदों को भरा जाएगा।

4. स्टार्ट-अप के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना का पुनर्गठन किया जाएगा और उपलब्ध फंड का 50 प्रतिशत, 5,000 करोड़ रुपए देश के सभी जिलों में समान रूप से आवंटित किया जाएगा।

5. उन आवेदकों को एक बार कि राहत मिलेगी, जो महामारी के समय 1 अप्रैल 2020 से 30 जून 2021 के दौरान सरकारी परीक्षा नहीं दे सके।

6. सरकारी परीक्षाओं और सरकारी पदों के लिए आवेदन शुल्क समाप्त किया जाएगा।

7. सभी छात्र शैक्षिक ऋणों के संबंध में 15 मार्च 2024 तक ब्याज सहित ऋण की देय राशि को माफ किया जाएगा और बैंकों को सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी।

8. 21 वर्ष से कम आयु के प्रतिभाशाली और उभरते खिलाड़ियों को प्रति माह 10,000 रुपये की खेल छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा।

**महिलाओं के लिए**

1. प्रत्येक गरीब भारतीय परिवार को बिना शर्त नकद हस्तांतरण के रूप में एक लाख रुपए प्रति वर्ष प्रदान करने के लिए एक महालक्ष्मी योजना शुरू करने का संकल्प लिया है। हितग्राहियों की पहचान सबसे जरूरतमंद परिवारों में से की जाएगी। 2. यह राशि सीधे घर की सबसे बुजुर्ग महिला के बैंक खाते में स्थानांतरित की जाएगी। बुजुर्ग महिला के नहीं रहने पर इसे परिवार के सबसे बुजुर्ग सदस्य के खाते में स्थानांतरित किया जाएगा। 3. कांग्रेस ने कहा कि संविधान का (106वां) संशोधन अधिनियम महिलाओं के प्रति भाजपा के विश्वासघात का प्रतीक है। संशोधन अधिनियम में कुटिल प्रावधान हैं जी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों के आरक्षण को 2029 के बाद ही लागू करने की अनुमति देंगे। कांग्रेस इन कुटिल प्रावधानों को हटा देगी और संशोधन अधिनियम को तुरंत लागू किया जाएगा। महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण उन राज्य विधानसभाओं में लागू हो जाएगा, जो 2025 के विधानसभा चुनावों में चुनी जाएंगी। 4. 2025 से महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की आधी (50 प्रतिशत) नौकरियां आरक्षित किया जाएगा।

5. महिलाओं के वेतन में भेदभाव को रोकने के लिए 'समान काम, समान वेतन' का सिद्धांत लागू किया जाए। 6. कांग्रेस महिलाओं को दिए जाने वाले संस्थागत ऋण की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि किया जाएगा। 7. विवाह, उत्तराधिकार, विरासत, गौद-लेना, संरक्षकता आदि के मामलों में महिलाओं और पुरुषों का समान अधिकार होना चाहिए। सभी कानूनों की समीक्षा किया जाएगी।

**किसानों के लिए**

1. स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी दी जाएगी। 2. कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा। 3. खरीद केंद्रों और एपीएमसी पर किसान-विक्रेता को देय न्यूनतन समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) सीधे किसान के बैंक खाते में डिजिटल रूप से जमा किया जाएगा। 4. फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा। किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम लिया जाएगा और सभी वावीं का निपटान 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। 5. बड़े गांवी और छोटे शहरों में किसानों के लिए खुदरा बाजार स्थापित किया जाएगा, ताकि किसान अपनी उपज ला सकें और उपभोक्ताओं को बेच सकें।

**शिक्षा के लिए**

1. सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक की शिक्षा को निःशुल्क एवं अनिवार्य बनाने के लिए शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम में में संशोधन। 2. सरकारी स्कूलों में विभिन्न प्रयोजनों के लिए विशेष शुल्क लेने की प्रथा को समाप्त किया जाएगा। 3. राज्य सरकारों के परामर्श से केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की संख्या बढ़ाया जाएगा।

**संविधान रक्षा का वादा**

1. कांग्रेस ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के विचार को अस्वीकार करती है। 2. ईवीएम की दक्षता और मतपत्र की पारदर्शिता को संयोजित करने के लिए चुनाव कानूनों में संशोधन। मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा, लेकिन मतदाता मशीन से उत्पन्न मतदान पर्ची को वीवीपैट इकाई में रख और जमा कर सकेंगे। इलेक्ट्रॉनिक वोट मिलान का मिलान वीवीपैट पर्ची मिलान से किया जाएगा।

3. संविधान की दसवीं अनुसूची में संशोधन किया जाएगा और दलबदल करने वाले विधायक वा सांसद को विधानसभा या संसद की सदस्यता से स्वतः अयोग्य घोषित किया जाएगा।

4. भोजन और पहनावे, प्यार और शादी एवं भारत के किसी भी हिस्से में यात्रा और निवास की व्यक्तिगत पसंद में हस्तक्षेप नहीं। सभी कानून और नियम जो अनुचित रूप से हस्तक्षेप करते हैं उन्हें रद्द किया जाएगा।

5. संसद के दोनों सदन साल में 100 दिनों के लिए चलेंगे। सप्ताह में एक दिन प्रत्येक सदन में विपक्षी बेंच द्वारा सुझाए गए एजेंडे पर चर्चा के लिए समर्पित किया जाएगा। दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को किसी भी राजनीतिक दल से अपना संबंध तोड़ना होगा, तटस्थ रहना होगा।

6. योजना आयोग को बहाल किया जाएगा।

7. पुलिस, जांच और खुफिया एजेंसियां सख्ती से कानून के अनुसार काम करेंगी। जिन बेलगाम शक्तियों का अभी वो प्रयोग करते हैं, उन्हें कम कर दिया आएगा। जैसा भी मामला ही, उन्हें संसद या राज्य विधानमंडलों की निगरानी में लाया जाएगा।

8. कानून को शस्त्र बनाकर उपयोग करने, मनमानी तलाशी, जब्ती और कुर्की, मनमानी और अंधाधुंध गिरफ्तारियां, थर्ड डिग्री तरीकों, लंबी हिरासत, हिरासत में मौतों और बुलडोजर न्याय को समाप्त करने का वादा।

***ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ गहरी...***

अरविंद केजरीवाल और आप के खिलाफ बयान दिया गया और 18 जुलाई को उन्हें जमानत दे दी गई। बता दें कि जमानत मिलने के बाद बुधवार को तिहाड़ जेल से बाहर आए संजय सिंह ने पिछले दिनों कहा कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन भी जल्द रिहा होंगे. सिंह 13 अक्टूबर, 2023 से राष्ट्रीय राजधानी की उच्च सुरक्षा वाली जेल में बंद थे. उन्हें पिछले साल चार अक्टूबर को दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था. सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन्हें जमानत दे दी थी. केजरीवाल और सिसोदिया को भी इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है, जबकि जैन धनशोधन के एक अलग मामले में जेल में बंद हैं.

***लालू यादव को चुनाव से पहले ...***

कोर्ट में पेश किए गए चालान में कुल 23 आरोपित बनाए गए थे, जिसमें लालू प्रसाद यादव का भी नाम शामिल है। हालांकि, अब तक इस मामले में पुलिस लालू प्रसाद यादव को पकड़ नहीं सकी है। उल्लेखनीय है कि यह फर्जीवाड़ा 1995 से लेकर 1997 तक चलता रहा। इस दौरान दो आरोपितों की मौत हो गई है।

***पटाखे की तरह फूटे 1500...***

कुछ लोगों को घर खाली करने के निर्देश भी दिए गए हैं, क्योंकि आग का गुबार आसमान में साफ नजर आ रहा है। एहतियात के तौर पर सभी को बाहर निकलने और अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। साढ़े 3 एकड़ में फैला है गोडाउन- रायपुर के जिस बिजली गोदाम में आग लगी है। यह करीब साढ़े 3 एकड़ में फैला है।

यहां ट्रांसफॉर्मर के अलावा बिजली के कई उपकरण रखे हुए थे। जानकारी के अनुसार गोदाम में लगभग 6000 ट्रांसफार्मर रखे थे जिसमें से करीब 1500 ट्रांसफार्मर जलकर राख हो गए। यातायात पुलिस ने तीन किलोमीटर के दायरे को खाली कराया है। साथ ही उस रास्ते को ब्लॉक कर दिया गया है।

1500 ट्रांसफार्मर जलकर राख - वहीं इस मामले को लेकर सियासत भी शुरु हो गई है। रायपुर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने गड़बड़ी की आशंका जताई है, उन्होंने कहा कि कोई लापरवाही बरती गई है इस वजह से भीषण आग लगी है। विकास उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग ने जानबूझकर किसी चीज को दबाने के लिए यह कदम उठाया है। पूरे मामले की जांच होनी चाहिए अगर लापरवाही हुई है तो जो दोषी हैं उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

***चरणदास महंत पर हेट...***

उधर, प्रधानमंत्री का मामला था लिहाजा निर्वाचन आयोग ने भी इसे गंभीरता से लिया। दरअसल, महंत पार्टी के स्टार प्रचारक हैं। सो, अफसरों का कहना है कि स्टार प्रचारक के खिलाफ राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय या डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन आफिसर सीधे एक्शन नहीं ले सकता।

डॉ.चरणदास महंत ने 3 अप्रैल को राजनांदगांव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नामंकन रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर पर लाठी मारने कहा था। हालांकि, अगले दिन अपने बात से पलटते हुए उन्होंने बयान जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ी नहीं समझने वाले लोग मेरी बात को समझ नहीं पाए और बात का बतंगड़ बना रहे हैं। उनके बचाव में प्रत्याशी भूपेश बघेल भी सामने आए हैं।

# विद्युत कटौती को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**कल्लूबंजारी (दावा)। आंचल में आये दिन विद्युत कटौती एवं लो वोल्टेज के चलते विद्युत उपभोक्ता लाईनमेन को अवगत कराने पर भी समय पर आकर समस्या का समाधान नहीं कर पाता है जिससे रात-रात भर बिजली गुल की समस्या बनी रहती है.**



ग्रामीणों ने बताया कि हाटबंजारी सब स्टेशन के अधिन आने वाले गाँवों में विद्युत कटौती एवं लो वोल्टेज के कारण जल सप्लाई नहीं हो पा रहा है जिससे गर्मी के दिनो में पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है वहीं किसान खेतो में लगी रवि फसल की सिचाई नही कर पा रहे है जिसके कारण फसल सूख रहा है कई बार ग्रामीणों की शिकायत करने बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। चक्काजाम सब स्टेशन के पास मंदिर चौक में किया गया जिसमें हाटबंजारी, दामाबंजारी, दुर्रेबंजारी, घोटिया, रामतराई, टिपानढ़, कल्लूबंजारी, आटरा, भकुर्रा के ग्रामीणों द्वारा किया गया जिसे उन सभी गाँवो के सरपंचो द्वारा समझाया गया कि अभी आचार संहिता लागू है चुनाव के बाद विकराल रूप से हड़ताल करेंगे और अपनी समस्या का समाधान करवायेंगे उपस्थित सरपंचो में डोमेन कुमार पटेल कल्लूबंजारी से, कलाबाई ओमकार चन्द्रवंशी मेटेपार, ज्ञानेश्वरी चंदू साहू टिपानगढ़, देवीलाल मंडावी घोटिया, बरातू राम मंडावी दामाबंजारी, किशन मंडावी भकुर्रा एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने शिकायत में यह भी बताया कि कभी लाईन गोल की समस्या व परिस्थिति को देखते हूए उपभोक्ता हुकिंग कर घर में लाईट की व्यवस्था करते है तब उप अभियंता कुमर्दा से जे.ई. मेडम विद्युत चोरी का प्रकरण बनाकर अर्थदंण्ड राशि निर्धारण कर 15000, 10000, 7000, 5000 रूपये जिसे उपभोक्ता राशि पटाने में असमर्थ दावा आपत्ति का निवेदन किया गया है लेकिन मेडम का कहना है कि पटाना ही पड़ेगा इस तरह की दबाव बना रही है। कई किसानों का पोल हेतु डिमांण्ड राशि बच्चों की पढ़ाई हो रही है बाधित-देश का भविष्य कहे जाने वाले विद्यार्थियों का अभी माह मार्च से अप्रैल तक बच्चों की परीक्षा का दौर चल रहा है लेकिन बार-बार एवं कई घंटो तक लाईट बंद होने से बच्चों को पढ़ाई के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

डिमाड राशि जमा हूए दो साल हो गये पोल का पता नहीं-आश्रित ग्राम हाटबंजारी के किसानों ने बताया कि हम लोग अपने खेतों में विद्युत पोल लगवाने के लिए मार्च 2022 में डिमाड राशि जमा कर चुके है लेकिन आज तक हमे विद्युत पोल नहीं मिला है।

# लोस चुनाव में संतोष पाडे का बढ़ रहा कद - मोरध्वज देवांगन



पेज 7 (05 अप्रैल फोटो 2024- मोरजध्वज देवांगन)

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के युवा नेता मोरजध्वज देवांगन ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में नीवर्तमान सांसद एवं भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे का कद तेजी से बढ़ रहा है। दिन रात चुनाव प्रचार से उनकी लोकप्रियता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली के साथ बढ़ती जा रही है। भाजपा के अनुभवी सांसद श्री पांडे को 2 साल के कोरोना काल के दौरान क्षेत्र दौरा करने में अड़चने आई थी। अड़चने अब दूर हो गई है और इस चुनाव में उन्हें निर्वाचन क्षेत्र के अधिक से अधिक गांव में जाने का अवसर मिल रहा है। अपने कर्मठ सांसद को अपने बीच पाकर जनता प्रफुल्लित हो रही है। उन्हें समस्याएं भी बता रही है और केंद्र शासन की योजनाओं का जो लाभ मिल रहा है। उन्हें लेकर खुशियां प्रकट कर रही है। नागरिकों एवं ग्रामीणों के बीच जाकर श्री पांडे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नित भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित करने की सोच रहे हैं।

श्री देवांगन ने आगे कहा कि कांग्रेस की रीति नीति जनहितैषी बिल्कुल नहीं है उन्हें जनता ने 50 साल शासन करने का अवसर दिया। इस बड़ी अवधि में भारत दुनिया में विकसित देशों की श्रेणी में आ गई होती। लेकिन विकसित भारत के लिए अभी और समय लगेंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्य योजना बना ली है। हमारी सरकार फिर आने पर विकसित भारत का सपना जल्द ही सरकार हो जाएगा। आप खुद ही अनुमान लगाकर सोच कर देखिए 10 साल के कार्यकाल में हमारी भाजपा सरकार में श्री मोदी के नेतृत्व में असंभव से असंभव लगने वाले कार्यों को भी कर दिखाया है। उनमें स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय सुरक्षा, कश्मीर से धारा 370 हटाना, वन नेशन वन राशन कार्ड, खाद्यान्न सुरक्षा योजना, कृषक सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, काला धन निकालने के लिए नोटबंदी, वंदे भारत एक्सप्रेस आदि है।

## सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने सी-विजिल एवं कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टोरेट के प्रथम तल में स्थित सी-विजिल एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक ने सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सी-विजिल श्रीमती शिल्पा देवांगन ने बताया कि सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कन्ट्रोल रूम के फोन नंबर 07744-226315 में जनसामान्य की शिकायतों को सुनकर निराकरण किया जा रहा है एवं अधिकारियों एवं विभिन्न शाखाओं के मध्य समन्वय के लिए भी कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कन्ट्रोल रूम द्वारा 24×7 कार्य किया जा रहा है। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# स्कूली बच्चों ने अभिभावकों से भरवाया वोट संकल्प पत्र



डोंगरगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखकर शासकीय प्राथमिक शाला कलडबरी, संकुल केंद्र महरूम के बच्चों ने अपने माता पिता से वोट देने की संकल्प पत्र भरवाया और साथ ही हस्ताक्षर भी लिए. उक्त संकल्प पत्र में अभिभावकों के नाम, मोबाइल नं., हस्ताक्षर और वोट देने का संकल्प अंकित हैं.

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बच्चों ने अभिभावकों को वोट की महत्ता और अनिवार्यता को समझाया, साथ ही संकल्प पत्र भी लिखवाया. चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने की ये कारगर पहल शुरू की गई है. इसी तारतम्य में बच्चों ने संकल्प पत्र भरवाकर विद्यालय में जमा करवाया. मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के उद्देश्य से बच्चे पूरे गांव में मतदान करने के लिए जनजागरुकता रैली भी निकाली, जिसमे मतदान संबंधी नारा का उद्बोधन किया. आगामी लोकसभा चुनाव की तिथि 26 अप्रैल को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केंद्र की सारी सुविधाएं भी उपलब्ध हो चुकी हैं. उक्त अवसर पर शाला परिवार, पंचायत सचिव व आमजन उपस्थित रहे. साथ ही शाला के शिक्षक विनय सिंह ने इस लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने एवं इस महापर्व में सम्मलित होने की अपील की है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश की संयुक्त बैठक 8 को

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश की जिला तह. एवं नगर स्तरीय संयुक्त बैठक 08 अप्रैल सोमवार को 12.30 बजे पेशनर भवन में प्यारेलाल स्कूल परिसर में रखी गयी है। बैठक में राजनांदगांव जिला, दुर्ग जिला, एवं मोहला-मानपुर-अ.चौकी, जिला के पेंशनर उपस्थित रहेंगें।

बैठक में होली मिलन के साथ-साथ नये सदस्यों को सदस्यता ग्रहण सम्मान पत्र प्रदान किए जायेंगें। पेंशनर साथियों को इस माह में जन्म है उनका जन्मदिन मनाया जायेगा। जो साथी हमसे बिछुड़ गये है उसे श्रद्धाजंलि अर्पित की जावेगी। जिन पेंशनरों की पेंशन संबंधित या बैंक संबंधित समस्या है वे आवेदन पत्र दो प्रतियों में लगाकर प्रस्तुत करें।


अतः कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डी. एन. साहू, प्रांतीय महामंत्री के.पी. सिंह, जिला राजनांदगांव महासचिव जी.आर. देवांगन, प्रांतीय सचिव डी.डी. पाण्डे, जिला दुर्ग अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू ,जिला मोहला- मानपुर-अ.चौकी अध्यक्ष पूर्णानंद नेताम तह. राजनांदगांव अध्यक्ष जी.आर. सोनबोईर, तह. छुरिया से कोल्हूराम साहू, तह. कुमर्दा अध्यक्ष प्रीतराम चंद्रवंशी, नगर उपाध्यक्ष एस.डी. साव, विजय लाल निषाद नगर कोषाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है यह जानकारी नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे दी गई।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 7 को

राजनांदगाँव(दावा)। देश की पहली महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक परम पूजनीय सवित्री बाई फुले जी की पुण्य स्मरण पर प्रदेश को शत् प्रतिशत् शिक्षित बनाने के महत्वकांक्षी योजना के तहत सवित्री बाई फुले की जीवन गाथा को लेकर एक वृहद स्तर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

आगामी 7 अप्रैल रविवार को समय प्रातः 09 बजे, स्थानीय शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में यह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जानी है । जिसमें 14 वर्ष की आयु से लेकर 35 वर्ष के आयु वर्ग तक आमजन/शैक्षणिक संस्थान/बच्चे/युवाओं से इस प्रतियोगिता में भाग लेने का डॉ. अम्बेडकर यूथ फाउंडेशन आव्हान करती है। इस जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को जीते पर प्रथम पुरस्कार 5000/-, द्वितीय पुरस्कार 3000/-, तृतीय पुरस्कार 1000/- मिलेगा। सम्पर्क - 6260236366, 7987806979, 9303604386, 7000689606

# कॉनफ्लूएंस कॉलेज वैल्यू एडेड कोर्स का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। कॉनफ्लूएंस कॉलेज के कंप्यूटर विभाग द्वारा मल्टीमिडिया एंड एनिमेशन टॉपिक पर 15 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का आयोजन किया गया था जिसे श्रीमान विनय मिश्रा द्वारा व्याख्यांतित किया गया। इस वैल्यू एडेड कोर्स में एनिमेशन को परिभाषित किया गया कि एनिमेशन के अर्न्तगत स्थिर चित्रों को विभिन्न कंप्यूटर तकनीकों की सहायता से इस तरह से प्रस्तुत किया जाता है कि वे गतिमान होने का भ्रम उत्पन्न करती हैं। मल्टीमीडिया टेक्स्ट, ग्राफिक आर्ट, ध्वनि, एनिमेशन और कंप्यूटर या किसी दूसरे इलेक्ट्रोनिक माध्यम से प्राप्त विडियो का किसी प्रकार का मिला-जुला रूप हो सकता है।

इस कोर्स को कराने का उद्देश्य बताया गया कि सूचना प्रौद्योगिकी का विकास होने के कारण मल्टीमीडिया का उपयोग आज बड़े पैमाने पर बढ़ रहा है। आज मल्टीमीडिया के महत्व से कोई भी अनजान नहीं है। मल्टीमीडिया का व्यापक इस्तेमाल आजकल हर जगह देखा जा सकता है। इसलिए इस विषय में जानकारी होना बहुत आवश्यक है। इस व्याख्यान में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थीगण एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

# हार के भय से बौखलाई भाजपा - राहुल तिवारी

राजनांदगांव (दावा)। निर्वाचन कार्य में निगरानी के लिए जुटी उड़नदस्ता की छुरिया में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन के निवास स्थान पर की गई कार्रवाई पर प्रवक्ता राहुल तिवारी ने आपत्ति जताई है।



**घर में बैठे कांग्रेसियों पर दबाव डालने भेजा उड़नदस्ता टीम को**

उन्होंने कहा कि घर में बैठे कांग्रेसियों के खिलाफ झूठी और बेबुनियाद कार्रवाई किया जाना षड़यंत्र का हिस्सा है। मालूम पड़ता है कि, भाजपा लोकसभा चुनाव में हार के भय से बौखलाई हुई है और इसके चलते ही निर्वाचन में लगे प्रशासनिक मशीनरी का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने बताया कि गुरुवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे तहसीलदार छुरिया विजय कोठारी एवं मुकेश पड़वार और पुलिस की टीम सहित कैमरामैन अचानक ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन के निवास पहुंचे थे। यहां चल रही अनौपचारिक बातचीत को उड़नदस्ता ने राजनीतिक बैठक बताते हुए इसके लिए अनुमति न लिए जाने का आरोप लगाया है।

उड़नदस्ता की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए तिवारी ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के निवास में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता चुनाव की रणनीति बनाते हुए बैठे थे और घर में उड़नदस्ता का टीम पहुंचकर परमिशन की बात करना और पंचनामा बनाना बहुत ही गलत है। पंचनामा बनाने आए तहसीलदार सहित उड़नदस्ता टीम का यह कहना कि हमे ऊपर से निर्देश हैं। बहुत सारे सवालिया निशान खड़े करता है। आखिर ऊपर वाले कौन हैं और घर में बैठे कांग्रेसियों के ऊपर परमिशन की बात करना पंचनामा बनाना यह किस तरह की राजनीति की ओर इंगित कर रहा है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है। लोकसभा चुनाव में हार के भय से भाजपा बौखलाई हुई है और भाजपा द्वारा सत्ता सरकार का दुरुपयोग करना आम बात है। लेकिन कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता निडर और मजबूत है वह इस तरह की कार्यवाहियों से घबराने वाला नहीं है।

# रतनभाट समिति प्रबंधक और चौकीदार को समारोहपूर्वक विदाई



डोंगरगांव (दावा)। सेवा सहकारी समिति मर्यादित रतनभाट के समिति प्रबंधक जीवधन लाल देवांगन ने अपनी 45 वर्षों की सेवाएँ पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए हैं उनके साथ ही दौवाराम ठाकुर चौकीदार के पद में 32 वर्षों सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हुए हैं. समिति के दोनों कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया. समिति प्रांगण में आयोजित विदाई समारोह में ग्राम खुज्जी के शाखा प्रबंधक एस.डी.केसरी ने अध्यक्षता की. वहीं किसुन साव, पर्यवेक्षक विजय नायक, लेखापाल शैलेन्द्र ठाकुर, दामन साहू, सुरेश साहू, ललित ठाकुर, दुखुराम, रमेश यादव, पूर्णिमा मिश्रा, शाखा अधीनस्थ समिति के सभी कर्मचारीगण महेश देवांगन, सचिन दीक्षित, जाहिर मियां, हेमराय मेश्राम, दिनेश साहू, व्दारका पटेल, डामन साहू, मोहन जोशी, तखत सोनकर भूतपूर्व अध्यक्ष खुज्जी, मालेकरजी भूतपूर्व अध्यक्ष गिदर्री की गरिमामय उपस्थिति रही एवं मंच संचालन में मोहनलाल साहू रहे.

# गायत्री शक्तिपीठ में 9 अप्रेल को जलेगी आस्था की ज्योति

**राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि महापर्व की तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर में 9 अप्रैल मंगलवार के दिन वेद माता गायत्री के नाम से आस्था की ज्योत जलाई जाएगी। इसी के साथ नवरात्र पर्व व गुड़ी पड़वा के दिन से मंदिर में अखंड जाप व वेदमाता गायत्री की पूजा अर्चना व ध्यान साधना सहित नवरात्र के नौ दिनों के लिए देवी आराधना उपासना का कार्य शुरू हो जाएगा।**



**o मंदिर में अखंड जाप सहित वेदमाता गायत्री की उपासना, आराधना की तैयारी शुरू**
**o आसपास के गांवों में गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण की बिखर रही छटा**

गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि माता गायत्री चारों वेदों की जननी है। ब्रह्माण्ड की सत, रज, तम तीनों शक्तियां इसी में समाहित है। मां गायत्री की पूजा उपासना हमेशा लाभदायक सिद्ध होता है। मां गायत्री इसका साधकों को मनोवांछित फल देती है। उन्होंने बताया कि वर्ष के दोनों नवरात्रियों में गायत्री मंत्र का जाप व यज्ञ -हवन सहित उपासना आराधना अनेकों गुना फल देने वाला सिद्ध होता है। हालांकि मंदिर में परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा जलाए गए अखंड दीप आज भी प्रज्जवलित है, लेकिन नवरात्रि में मातारानी की पूजा- उपासना, आराधना सहित 24 हजार मंत्र जाप साधकों को दैवीय गुणों से शक्तियों से भर देने वाला साबित होता है। यही वजह है कि शक्तिपीठ में मातारानी के नाम दीप प्रज्जवलन के साथ गायत्री उपासकों व सनातन धर्मी साधकों के लिए जप -तप, ध्यान-साधना, पूजा-उपासना व मंत्र जाप के लिए विशेष व्यवस्था की जाती है। शक्तिपीठ द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है।

o गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण

शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि नवरात्र पर्व के पूर्व शक्तिपीठ के पुरोहित सुखनंदन, ब्रह्मानंद, नृपाराम, देवशरण आदि के द्वारा निकटस्थ ग्राम देवरी परसूली में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं मोहभट्ठा ग्राम में 5 और 6 अप्रैल को पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न किया जाएगा। उन्होंने उक्त दोनों यज्ञीय आयोजन में धर्मप्रेमी श्रद्धालुजनो को अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है साथ ही चैत्र प्रतिपदा, हिंदू नववर्षारंभ के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित वेद माता गायत्री की नवरात्रि पूजन व अखंड जाप सहित नौ दिनों तक चलने वाले पूजा आराधना उपासना में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने के लिए सभी धर्म प्रेमी बंधु वह माता-बहनों से आग्रह किया है। उक्ताशय की जानकारी व्यवस्थापक भाई ने दी है।

# अवैध प्लाटिंग दिखावे की कार्यवाही निगम प्रशासन की मंशा पर सवाल

**राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने शहर में अवैध प्लाटिंग और उस पर निगम आयुक्त के रवैये पर सवाल करते हुए जारी बयान में कहा है कि राजनांदगांव शहर सीमा अंतर्गत धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का कार्य चल रहा है जिस पर रह रह कर निगम आयुक्त कार्यवाही करते हैं। कार्यवाही को लेकर और उनकी मनसा पर सवाल पूछना लाजमी है कि आखिर सिर्फ चिन्हांकित जगहों पर यदा कदा बुलडोजर ले जाकर नाली तोड़ते हैं, मुरुम रोड उखाड़ कर बोर्ड लगा दिया जाता है। सबसे आश्चर्यजनक बात है कि जिस स्थल पर अवैध प्लाटिंग के नाम पर निगम का हमला जब जाता है उसके अगल-बगल आजू-बाजू झांकने की भी हिम्मत नहीं करता, जहां नजरे घुमाने से ही अवैध प्लाटिंग हुए हैं।**

इस स्थिति में और बताया गया है कि नोटिस भी दिया जाता है फिर भी अवैध प्लाटिंग रुकने का नाम नही ले रही है जिससे यह सवाल उठता है की कार्यवाही क्या केवल वसूली का दबाव बनाने की जा रही है, हाल में ही शहर की कई जगह जैसे कि पेंड्री, चिखली, शांति नगर, कंचन बाग, लखोली, रेवाडीह, गौरी नगर, कौरिनभाठा, राम दरबार के पास, फरहद चौक, पाताल भैरवी मंदिर के पीछे, शांति नगर इत्यादि जगहों पर अवैध प्लाटिंग की जानकारी सामने आई हैं, जिसमें से कई जगह रह-रहकर बुलडोज़र की कार्यवाही की गई बोर्ड लगाए गए नोटिस दिया गया व खूब पेपरबाज़ी की गई किन्तु उसके बाद कि कार्यवाही की जानकारी जनता तक नही पहुँच पाती है। ऐसा लगता है कि अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही को लेकर जो नियत है वहां कहीं ना कहीं दोहरी मंशा काम कर रही है एक तो वह जो दिख रहा है दूसरा वह जो जनता को नहीं दिख रहा है मतलब साफ है कि सिर्फ डरने को लेकर करवाई है ताकि लोग जो अवैध प्लाटिंग में लिप्त है वो जा कर माथा टेकने पहुंचे लगातार आने को कमिश्नर यहां आए सबने अपने अपने ढंग से अवैध प्लाटिंग को लेकर कार्रवाई की पर आज तक के किसी भी अवैध प्लाटिंग को लेकर नहीं एफआईआर किया गया नहीं प्लांट को निगम ने अधिग्रहित कर अधिग्रहित कर पुनः नीलामी का कार्य किया है। नगर की भोली भाली संस्कारी जनता और यहां के संस्कारी सत्ता विपक्ष के नेता चुप्पी साधने बैठने में विश्वास रखते हैं। निगम ने अब तक के शिवाय रोड नाली को तोड़ने के और बोर्ड लगाने के कुछ भी ठोस नहीं किया। जनता अवैध प्लाटिंग कर्ता के झांसे में आ सकती है व इससे यह शंका भी जनता के मन में पैदा होती है कि कार्यवाही का उद्देश्य केवल वसूली का दबाव बनाना तो नही, कार्यवाही व नोटिस के बाद क्या हुआ क्या उक्त प्लाटिंगकर्ता ने क्या नियमानुसार अनुमति ली व शुल्क पटाया या फिर भी न मानने पर क्या आयुक्त द्वारा किसी प्लाटिंगकर्ता पर आगे की कार्यवाही की गई या एफआईआर की गई छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम 292 ग (2) के अंतर्गत 3 से 7 साल तक कि सज़ा या न्यूनतम 1 लाख जुर्माना भी लगाया जा सकता है और और भी कार्यवाही जो नगर निगम अधिनियम में निहित हैं वह की जा सकती हैं।



**निर्माण कांक्रीट को तोड़ना और सिर्फ बोर्ड लगाने तक सीमित क्यों**

अतः नगर निगम आयुक्त द्वारा समस्त कार्यवाही की जानकारी जनता को दी जानी चाहिए ताकि अवैध प्लाटिंग के इस खेल की पूरी जानकारी सबके सामने आ सके, इसके सहित और भी कई मामलों में निगम आयुक्त का रवैया समझ से परे है चाहे बिना एमआईसी से पारित किए कर वसूली के किये आदेश पारित करना इत्यादि इससे यह प्रतीत होता है कि भाजपा की सरकार बनते ही भाजपा नेताओं व शासन की शह में आयुक्त मनमानी कर रहे हैं व भाजपा नेताओं के इशारों पर कार्य कर रहे हैं, कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन भी लगातार कर रहे हैं जिसका जवाब जनता को दिया जाना चाहिए।

# संतोष पाडे पिछले चुनाव से डबल वोट से जीत कर मंत्री बनेंगे - मो. इमरान बीबा



**o मोहम्मद इमरान बीबा का दावा**

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व राज्य हज कमेटी, विशेष आमंत्रित सदस्य व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान बीबा ने प्रबल दावा करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार दोगुने वोट से जीतेंगे। इतना ही नहीं केंद्र में मोदी की 400 से ज्यादा सीट प्राप्त होकर श्री पांडे कैबिनेट मंत्री बनेंगे। उन्हें केंद्र में इसलिए बड़ी जिम्मेदारी सौंप जाएगी कि उन्होंने 5 साल का कुशल अनुभव प्राप्त करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय चुनाव प्रचारक को हराएंगे।

जनाब बीबा ने आगे कहा कि भूपेश बघेल ने अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की भारी उपेक्षा की है। उनमें भी सबसे ज्यादा राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र को पीछे धकेला है। ऐसा उन्होंने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का निर्वाचन क्षेत्र होने के कारण किया है। इसका जवाब जनता उन्हें 26 अप्रैल को अवश्य देगी। इसका नतीजा उन्हें 4 जून को चुनाव परिणाम आने के बाद पता चल जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के लोग प्रतिद्वंदी पार्टी होने के कारण कांग्रेस को भारी बहुमत से हराने के लिए जी जान से जुट गए हैं। वहीं कांग्रेस के लोग भी भूपेश बघेल के पूरे राजनांदगांव क्षेत्र में सिर्फ एक व्यक्ति को महत्व देने और बाकी को न करने से नाराज चल रहे हैं। उन्हें भी इस चुनाव में उन्हें सबक सिखाने का बढ़िया अवसर मिल गया है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि जिस डॉ. रमन सिंह ने अपने 15 साल के मुख्यमंत्रित्व काल में राजनांदगांव को चमन बनाया था।उस चमन को उजाड़ने का काम भूपेश बघेल ने किया है। इसकी भी सजा उन्हें 26 अप्रैल को मिलेगी।

# जिला सहकारी बैंक में ज्वांईट रजिस्ट्रारों की दबिश... दो-दिनों तक होगी पूछताछ

**मामला 51 दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को बैंक से निकाले जाने का विधानसभा में उठा था सवाल**



राजनांदगांव (दावा)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से 51 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को निकाले जाने का मामला गरमाया हुआ है। इस सम्बंध में विधानसभा में प्रश्न भी लगे थे।

उन कर्मियों को निकाले जाने वजह जानने के सम्बंध में शुक्रवार को ज्वाईन्ट रजिस्ट्रार द्वारा बैंक में दबिश दी गई व जिला सहकारी बैंक के वर्तमान सीईओ श्रीकांत चन्द्राकर व स्थापना शाखा के लक्ष्मीकांत सोनी सहित अन्य अधिकारियों से दिन भर पूछताछ जारी रहा। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश से बिलासपुर से तीन ज्वाईन्ट रजिस्ट्रार राजनांदगांव आकर यहा डेरा डाले हुए है। इनकी तत्संबंध में जांच कार्रवाही व बाबू-अधिकारियों से पूछताछ दो दिनों तक जारी रहेगी। बैंक सूत्रों की माने तो जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में दैनिक वेतन भोगी के रूप में काम कर रहे 51 कर्मचारियों को पूर्व सीइओ सुधीर सोनी के कार्यकाल में हटाए जाने की कार्रवाई की गई थी। इस समय जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान थे। इन 51 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को हटाए जाने का मामला विधानसभा में भी उठा था। वर्तमान में बैंक में न तो पूर्व सीईओ सुधीर सोनी है और न बैंक अध्यक्ष नवाज खान चेयर परसन है।

मामला शासन के अंडर आने के कारण दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को किस वजह से हटाया गया है। इसकी वजह राजनीतिक अथवा अन्य कोई कारण तो नहीं है इसकी जांच के लिए बिलासपुर से तीन अधिकारियों की टीम यहां आई हुई है। इसमें प्रमुख ज्वांईट रजिस्टार युवी एस. राठिया व दो अन्य अधिकारी है। देखना यह है कि बैंक अध्यक्ष नवाज खान व सीईओ सुधीर सोनी के कार्यकाल में हुई इन कर्मचारियों को हटाए जाने की कार्रवाई क्या रंग लाती है।

## नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के बाद 19 अभ्यर्थियों के नामांकन वैध, 4 नामांकन निरस्त

**नाम वापसी की अंतिम तिथि 8 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल द्वारा आज न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 2 कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए 23 अभ्यर्थियों से प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के बाद वैध रूप से नामांकित 19 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। वहीं 4 नामांकन निरस्त हुए। वैध रूप से नामांकित अभ्यर्थियों की सूची में बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी), इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल, भाजपा के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी नारद प्रसाद निषाद, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपूत, न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी रामफल पाटिल, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी ललिता कंवर, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी लाखन सिंह टंडन तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली, त्रिवेणी पडोती, इंजि. बसंत कुमार मेश्राम, भुवन साहू, महेन्द्र कुमार साहू, रमेश यादव, रेखचंद मण्डले, विशेष धमगाये, एएच सिद्दीकी, सुखदेव सिन्हा, श्रीकांत कासेर शामिल हैं।

नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल को होगी। पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून को सुबह 8 बजे से होगी। गुरूवार 6 जून के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नामांकन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थी व प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुखबिरी के शक में धारदार हथियार से नक्सलियों ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट, टावर में लगाई आग



राजनांदगांव (दावा)। एक बार फिर नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है। नक्सलियों ने धारदार हथियार से एक ग्रामीण की गला रेत कर हत्या कर दी और घटनास्थल पर पर्चे भी फेंके। जिससे गांव में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों द्वारा ग्रामीण को मौत की घाट उतार दिया। पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है।

पूरा मामला नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव थाना क्षेत्र के पीटेमेटा गांव का है, जहां नक्सलियों ने एक ग्रामीण प्रेम सिंह घावड़े की धारदार हथियार से हत्या कर दी और वहां लगे मोबाइल टावर में भी आग लगा दी, इसके साथ ही घटनास्थल पर नक्सलियों द्वारा पर्चे भी फेंक गए। जिसमें मृतक पर मुखबिरी का आरोप लगाकर नक्सलियों ने ग्रामीण की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। वहीं इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और पूरे मामले की जांच कर रही है।

## भूपेश बघेल को दाऊ का जिन्न सता रहा –अभिषेक सिंह



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को विजयी बनाने के लिए राजनांदगांव विधानसभा की कमान संभालने के बाद पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज लोकसभा चुनाव कार्यालय में विधानसभा स्तरीय कोर कमेटी व प्रबंधन समिति की मैराथन बैठक ली। इस दौरान वे पार्टी द्वारा निर्धारित 36 समितियों के प्रभारीयों से एक-एक करके चर्चा की, उनकी समितियों के कार्य को विस्तार पूर्वक समझाया और आगामी चुनाव तक के कार्यो के लिए योजना बनाकर उसे पूरा करने का आव्हान किया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में चुनाव अभियान को लेकर विस्तृत विचार विमर्श व एक-एक बिंदुओं पर चर्चा करके आवश्यक निर्णय लिए गए।

इस दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर लोगों को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा की हकीकत में भूपेश बघेल चुनाव मैदान से डरकर भाग रहे हैं। उनके चुनाव अभियान स्थिति इतनी लचर की वे अपने जनसम्पर्क के दौरान किसी भी गाँव में आधे घंटे का समय भी नहीं दे रहें हैं। उनके चुनावी दौरे में एक गाँव के लिए बमुश्किल से 10 मिनट का भी समय नहीं हैं। जहां वे जाते हैं स्वयं ही दो चार बातें बोलकर आगे बढ़ रहे हैं। कांग्रेस के किसी कार्यकर्ता को अपनी सभा में बोलने का मौका तक नहीं देते, क्योंकि उन्हें दाऊ का जिन्न परेशान किए हुए हैं, अभी से डरे सहमे हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत के साथ चुनावी समर में जूझ जाने की अपील करते हुए कहा की यह चुनाव देश के भविष्य का हैं, भारत को विकसीत राष्ट्र बनाने का हैं, अब हमारे अपने दशकों पुराने स्वपन भारत को परम वैभव के शिखर पर पहुँचाने की कल्पना को साकार करने का अवसर आ गया है अतः सभी अपने-अपने मतदान केंद्रों के एक-एक मतदाताओं से मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने का भगीरथ प्रयास प्रारंभ करें।

श्री सिंह ने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के विकास को जो गति प्रदान की है वह किसी से छिपी नहीं है। प्रधानमंत्री के दृष्टि केवल देश के आर्थिक स्वावलंबन पर ही नहीं हैं, बल्कि वे देश के महिला, युवा, गरीब, व मध्यम वर्ग की भी चिंता कर रहे हैं, वे इस वर्ग की समस्याओं से अवगत है, तभी उनके द्वारा देश के 80 करोड़ लोगों को अगले 05 वर्षों तक मुफ्त राशन देने की योजना पर काम चल रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 हजार से लेकर 05 लाख तक का ईलाज पर खर्च सरकार कर रही हैं, जिससे मध्य वर्ग व गरीबों को खासी राहत मिली हैं। बैठक के प्रारंभ में लोकसभा चुनाव के संयोजक मधुसूदन यादव ने बैठक की विषय वस्तु से अवगत कराया। वरिष्ट नेता खूबचन्द पारख ने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, सुरेश एच लाल, संतोष अग्रवाल, सुरेश डुलनी, कोमल सिंह राजपूत, राजेन्द्र गोलछा, राजेश श्यामकर, अशोक देवांगन, लीलाधर साहू, तरुण लहरवानी, हर्ष रामटेके, रोहित चंद्राकर, पारूल जैन, आभा तिवारी, देवकुमारी साहू, मधू बैद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छोटी सी उम्र में गायकी जैसी बड़ी साधना



**कृति की मधुरवाणी कल रायपुर दूरदर्शन में गूंजेगी....**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के संस्कारित परिवार की बेटी कृति बख्शी गायन के क्षेत्र में छोटी उम्र में बड़ा इतिहास लिखने जा रही है। विकास-रचना बख्शी की सुपुत्री एवं स्व. हनुमंत लाल बख्शी की प्रपौत्री तथा पवन कुमार सावित्री देवी की पौत्री कृति को गायन के क्षेत्र के महारथी लोगों ने स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर कहने से परहेज नहीं किया है। कल 7 अप्रैल रविवार को कृति की मधुर वाणी रायपुर दूरदर्शन में शाम छह बजे गीतों को स्वरबद्ध करती दिखाई पड़ेगी।

नगर के कौरिनभाठा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, एमआईजी 07 में निवासरत प्रतिभावान सुश्री कृति बख्शी ने महज 19 वर्ष की उम्र में गायन जैसी कठिन विधा को साधकर संस्कारधानी को गौरवान्वित किया है। इस छोटी सी उम्र में कृति ने अपनी गायकी का लोहा मनवाकर अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं। अंचल के दुर्ग, भिलाई, रायपुर जैसी सिटी में कृति ने अपनी जादुई सुमधुर आवाज के साथ संगीत साधकों का दिल जीत लिया।

सुश्री कृति की प्रतिभा दूरदर्शन रायपुर के संयोजकों की नजरों में आने के बाद अब कल 7 अप्रैल रविवार को रायपुर दूरदर्शन में शाम छह बजे दशकों तक फिल्मी पर्दे पर मन मोहने वाले हर दिल अजीज राजेश खन्ना की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में अपनी गायकी का प्रदर्शन करने आमंत्रित की गई है। चर्चा के दौरान कृति ने बताया कि उन्होंने कक्षा बारहवीं तक की शिक्षा दुर्ग की विश्वदीप स्कूल से पूरी की है। उनका लक्ष्य एक कुशल डॉक्टर बनकर मानवीय समाज की सेवा करना है। सुश्री कृति इन दिनों ऑनलाइन कोचिंग से जुड़ी हुई हैं और नीट एंट्रेंस की तैयारी कर रही हैं।

## कांग्रेस सरकार में सदैव अन्नदाताओं का सम्मान बढ़ा - भूपेश बघेल



डोंगरगढ़ (दावा)। राजनंदगांव लोकसभा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्रों के गावों का दौरा कर रहे हैं। भूपेश बघेल लगातार ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। जिन क्षेत्रों में उनकी सभाएं हो रही है, वहां ग्रामीणजन छत्तीसगढ़ माटी पुत्र को देखने उत्सुक नजर आते हैं। लोकसभा चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र के अंदर जिस तरह की सभा में आशीर्वाद मिल रहा है, उसे देखकर भूपेश बघेल कहते हैं कि छत्तीसगढ़ की माटी और परंपरा और संस्कृति मेरे रग-रग में है।

किसानों की सेवा और अन्यदाताओं का छत्तीसगढ़ प्रदेश का मान सम्मान विदेशों तक जा पहुंचा है।यह छत्तीसगढ़ प्रदेश की माटी और उसकी सेवा का ही नतीजा है, कि हम किसानों के चेहरों में खुशहाली लाने में कामयाब रहे। सभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनने के पश्चात हर महीला को एक लाख रुपए की राशि प्रदान करेंगे महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में हर काम करने वाले हाथ को 400 रू. की राशि प्रति कार्य दिवस दिया जाएगा उन्होंने कहा कि गांव के माटी के मजदूर किसान युवा माता बहनों के चेहरे में खुशी अगर मिलती है तो निश्चित रूप से उन्हें लगता है कि राजनीति में जो सेवा के लिए संकल्प लिया है वह पूरा करने की दिशा में छोटा सा कदम है और हम आगे बढ़ते चले जा रहा है राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से उन्हें चुनकर अगर दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के मजदूर किसान युवा और माता बहने भेजते हैं तो निश्चित रूप से उनका ऋण चुकाया जाएगा देश में विपक्ष काम करने वालों को परेशान करने लगा है वह नहीं चाहता कि जनता की सेवा करने वाले हाथ मजबूत हो हमें लोकसभा में जीता कर दिल्ली भेजे। आपकी हर आवाज के साथ मेरी आवाज दिल्ली में गूंजेगा।

आज कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने तिलई, पदुमतरा, खैरझिटी, डूमरडीह, कलडबरी, बरगाही, ऊपरवाह, मुड़पार, सलौनी, चारभाटा, बिरेझर, जराही, मोहंदी, बिजेतला, ईरईकला, ईरईखुर्द, माशुल, पटेवा, जुर्लाखुर्द, भैंसातरा, सहसपुर, गोपालपुर आदि ग्रामों का दौरा किया कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, भागवत साहू, थानेश्वर पाटिला, अमीन खान, रतन यादव, दुर्गेश द्विवेदी आदि नेतागण और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को मोदी जी ने पहचाना – संतोष पांडे

**सांसद प्रत्याशी पांडे ने कवर्धा बोडला के ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक जनसंपर्क किया**



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन भरने के बाद आज अपने क्षेत्र में धुआंधार चुनाव प्रचार में जुट गए। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज 5 अप्रैल को सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे, कवर्धा बोड़ला के दो दर्जन से अधिक गांव में पहुंचकर मतदाताओं के बीच अपनी बाते रखी, इस दौरान वे कवर्धा के खैरबना, खुर्सीपार, जेताटोला, सुकवापारा, मंडलाटोला आदि गांव पहुंचे, जहां पर बड़ी संख्या में माताएं एवं बहने उपस्थित थी।

महिला शक्ति की बड़ी संख्या को देखकर संतोष पांडे ने अपने उद्बबोधन में कहा की राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को मोदी जी ने ही पहचाना और पूरे देश में महिलाओं को समानता दिलाने वाली नीतियां बनाई, आज देश भर में माता बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर प्रदान किया गया। साथ ही महतारी वंदन योजना में प्रतिमाह एक हजार रूपए खाते में ट्रांसफर होने लगे है, कन्या भ्रूण हत्या पर कठोर कार्रवाई करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को मोदी जी ने ही अस्तित्व में लाया। महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा पर कार्रवाई और उसका त्वरित निराकरण, मोदी जी के कार्यकाल में संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक के कारण परेशान थी, इस पर कठोर कानून बनाकर इस ज्वलंत समस्या से महिलाओं को मुक्ति दिलाई, मेडिकल टर्मिनेशन आफ प्रेगनेंसी जैसे उपायों को लाकर कामकाजी महिलाओं को सहूलियत प्रदान की गई।

उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं, नौसेना वायु सेना में लड़ाकू महिला पायलट के रूप में शामिल हो चुकी हैं, उन्होंने कहा कि आज मोदी जी की दूर दृष्टि के कारण ही राष्ट्रपति जैसे बड़े पद पर एक आदिवासी महिला को सम्मानजनक स्थान दिया गया। इसी तरह आज प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं अपनी कला, क्षमता और कौशल का परिचय देते हुए सफलता के झंडे गाड़ रही हैं मोदी जी ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव-गांव में शत प्रतिशत शौचालय बनवाया, जिससे महिलाएं कई प्रकार की बीमारियों से बची रही और बीमार होने पर आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए का निःशुल्क इलाज बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पताल में करने की सुविधा भी प्रदान की, परंतु दुर्भाग्य का विषय है कि भूपेश बघेल ने 5 वर्ष के कार्यकाल में केंद्र सरकार की कई योजनाओं को लागू ही नहीं किया, कई लोग मकान से वंचित रहे परंतु मोदी जी ने भाजपा के नेतृत्व में विष्णु देव साय की सरकार बनते ही 18 लाख गरीब परिवारों की मकान बनाने में सहायता दी।

सांसद संतोष पांडे ने उपस्थित माता एवं बहनों से महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त खाते में आने के संबध में पूछा, जिस पर सभी मतदाताओं ने हामी भरी। पांडे ने कहा कि आज देशभर के करोड़ों महिलाओं के जनधन खाते खोले गए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और बिचौलिए माता बहनों के हक को न खा सके, इसलिए जनधन योजना के तहत अब केंद्रीय अनुदान सीधे ही खाते में आता है, श्री पांडे ने कहा कि 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह ने महिला कमांडर बनाकर महिलाओं को सशक्त किया था, गांव में अवैध शराबखोरी, अनाचार, दुराचार पर अंकुश लगा था, महिला स्वयं सहायता समूह पर विशेष ध्यान दिया गया था उन्हें रेडी टू इट एवं अनेक प्रकार की खाद्यान्न सामग्री से जोड़ा गया परंतु भूपेश बघेल ने 5 वर्षों में पूरी व्यवस्था को चौपट कर दिया और महिला शक्ति को छीन-छीन कर दिया इसलिए आने वाले चुनाव में 26 अप्रैल को ऐसे लबरे नेता को जरूर सबक सिखाएं।

## पलक जोशी ने अबेकस ओलंपियाड में राजनांदगांव का लहराया परचम



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी की होनहार बिटिया पलक जोशी ने विगत दिनों संपन्न हुए अबेक्स में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस स्पर्धा में प्रथम रैंक हासिल कर परिवार एवं नगर का नाम रौशन किया, इसके साथ ही पलक जोशी ने गणित विषय के सेकेण्ड लेवल ओलंपियाड में भी छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं रैंक सुरक्षित की है।

पलक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता और पिता क्रमशः श्वेता जोशी और नरेश जोशी सहित शिक्षक तनु मैडम एवं वर्षा मैडम को दिया है। बता दें कि, छात्रा पलक जोशी कक्षा पांचवी की छात्रा है और शुरू से ही मेधावी रही है।

## तथ्यात्मक मुद्दों से भाजपा की कुनीति का करेंगे पर्दाफाश–कांग्रेस

**प्रवक्ताओं की वाणी होगी मुखरित**



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के नामांकन दाखिल करने के बाद कांग्रेस अपनी मजबूत चुनावी रणनीति का आगाज कर दी है भाजपा की असफल कुनिति के कारण जो देश के हालात हैं वह किसी से छिपी नहीं है साथ ही साथ राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में 15 वर्षीय निष्क्रिय भाजपा सांसदों का दंश जनता झेल रही है इससे मुक्त कराने के लिए एवं भाजपा को तथ्यात्मक मुद्दों के साथ घेरने का संकल्प राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्तागणों ने लिया है।

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा एवं छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने संसदीय क्षेत्र के प्रवक्ताओं को मार्गदर्शन देकर बारीक चुनावी रणनीति से अवगत कराते हुए कहा कि हम सब भाजपा की कुनीतियों को आम जनता के बीच तथ्यात्मक रूप से प्रस्तुत करें भाजपा धर्म संप्रदाय और झूठ की राजनीति कर आम जनता को भ्रम में डालने का काम कर रही है उस भ्रम से जनता को निकालने का दायित्व भी हमारा है मोदी नेतृत्व के 10 वर्षीय कार्यकाल में देश आज महंगाई बेरोजगारी सहित कर्ज में डूब रही है। रोम जल रहा था और नीरो बांसुरी बजा रहा था की तर्ज पर देश के प्रधानमंत्री अपने आत्म प्रशंसा में मुग्ध हैं।

कांग्रेस ने अपनी पांच न्याय गारंटी के साथ 25 गारंटी लेकर जनता के बीच लोकसभा चुनाव में आई है किसान, नारी, युवा, श्रमिक एवं हिस्सेदारी न्याय की बात कर देश को विकास की मुख्य धारा में लाने की परिकल्पना प्रमाणित कर दी है अतः हम अपने कार्य क्षेत्र में सक्रिय रहे.

वहीं से भाजपा के खिलाफ आवाज बुलंद करें आयोजित बैठक में दुर्ग संभाग प्रभारी पीसीसी के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, विनयशील, प्रदेश प्रवक्ता एवं लोकसभा प्रभारी रूपेश दुबे, पेनलिस्ट कमलजीत सिंह पिंटू, श्रुति शुक्ला अभिमन्यु मिश्र जिला प्रवक्तागण राहुल तिवारी, महेंद्र शर्मा, अमित चंद्रवंशी, अनुराग तूरे, सुरजीत ठाकुर, अब्दुल खालिक, विष्णु सोनी, बंटी पाल, आफताब अहमद, रवि शुक्ला, चंद्रभूषण यादव, अशोक जंघेल, गौतम वर्मा, ऋषभ जैन, तौफिक खान, मनोहर, देवेंद्र दुबे सहित प्रवक्तागण उपस्थित थे।









## सड़क चिरचारी फॉरेस्ट डिपो के सामने मारुति 800 का हुआ एक्सीडेंट, दो की मौत









राजनांदगांव (दावा)। आज दिनांक 05 अप्रैल को थाना बागनदी क्षेत्रांतर्गत ग्राम सड़क चिरचारी फॉरेस्ट डिपो के सामने मारुति 800 क्रमांक एमएच-28 व्ही 7066 के चालक पद्माकर देशमुख अपने पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने अमरावती से भिलाई जा रहे थे जो सड़क चिरचारी फॉरेस्ट डिपो के सामने दोपहर करीबन 1:30 बजे चालक को झपकी आ जाने से कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर वाहन पलटने से वाहन चला रहे पद्माकर देशमुख की मौके पर ही मृत्यु हो गई और कार में बैठे 03 महिला एवं 03 बच्चे घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी छुरिया लेकर गए थे जहां उपचार दौरान श्रीमती अमोल देशमुख की मृत्यु हो गई। तथा श्रीमती वैशाली देशमुख, अंजली देशमुख, कुमारी डाली देशमुख, कु. आरोही देशमुख और रुधेश देशमुख को प्राथमिक उपचार बाद मेडिकल कॉलेज राजनादगांव रिफर किया गया है, जहां सभी घायलों का इलाज जारी है। मृतकों की परिजनों को सूचना दी गई है।









स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com